## न्यूज ब्रीफ

### शब-ए-बारात पर की गुनाहों से तौबा

**रसूलाबाद।** इबादतों के साथ शब–ए–बारात का पर्व मनाया गया। लोगों ने पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उनके लिए मगफिरत की दुआएं मांगीं। इसके साथ ही रात में घरों में इबादतें की। रसूलाबाद क्षेत्र में शब ए बारात का पर्व पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा से मनाया गया। रसूलाबाद कस्बे के नेहरू नगर में शब ए बारात के मौके पर जलसा ईद मिलादुन्नबी का एहतिमाम किया गया। जहां मौलाना नयाब खान अजहरी ने खिताब किया।

### नाला प्रतापपुर, अनूपपुर में कलश यात्रा आज

**शिवली।** क्षेत्र में दो जगहों श्री सिद्ध स्थान हनुमान कुटी आश्रम अनूपपुर व नाला प्रतापपुर गांव में स्थित शिव मंदिर पर भागवत कथा के तहत कलश यात्री निकाली जाएगी। पनकी मंदिर के महामंडलेश्वर महंत बाबा कृष्ण दास जी महाराज ने बताया कि अनूपपुर में भागवत कथा का विश्राम 11 फरवरी को होगा। लायर्स एसोसिएशन के महामंत्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि नालाप्रतापपुर शिव मंदिर पर व्यास हरिदास महाराज भागवत कथा सुनाएंगे। पूर्णाहुति व भंडारा 12 फरवरी को होगी।

### बॉक्सिंग में कानपुर देहात उपविजेता

**कानपुर देहात।** जिला बॉक्सिंग संघ कानपुर नगर द्वारा ग्रीनपार्क मैदान पर सीनियर पुरुष व महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम कानपुर देहात की बॉक्सिंग टीम ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। इसमें मोहित कुमार, मंयक, सौरभ को गोल्ड तथा अनुज व निहाल ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। यह पांच खिलाड़ी जिला खेल कार्यालय कानपुर देहात में तैनात बॉक्सिंग प्रशिक्षक आशीष कुमार शर्मा द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। क्रीड़ाधिकारी नीलम सिद्दीकी द्वारा विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को जनपद का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी व अच्छे खेल का प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ी का हौसला बढ़ाया।

### शोभन बिजली घर की सप्लाई हुई ठप

**शिवली।** बीते दिवस एकाएक सुबह तेज आंधी–पानी आने के बाद शिवली व शोभन बिजली घरों की सप्लाई बाधित हो गई। बताया जाता है कि 132 केवीए जवाहरपुरम के टिकरा में देर शाम सात बजे तक बारह घंटे बाद बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो पाई। इससे कस्बा शिवली में पीने के पानी के लिए लोगों को हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ा। साथ कार्यालयों में जनरेटर का सहारा लेकर काम चलाना पड़ा। इसी तरह दिलीप नगर, बसेन, जादेपुर, प्रतापपुर आदि दो सैकड़ा गांवों की बिजली सप्लाई बाधित रही। जेई राकेश राय ने बताया कि जवाहरपुरम के टिकरा में फाल्ट आ गया है।

### खरीद केंद्र पर हो रही अनियमितता

**कानपुर देहात।** संदलपुर स्थित धान क्रय केंद्र में गंभीर अनियमितताओं और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। ग्राम हिंसावा तहसील सिकंदरा निवासी 80 वर्षीय वयोवृद्ध किसान रणजीत सिंह डीएम का अर्जी देकर आरोप लगाया है कि बिना अवैध वसूली के धान की तौल नहीं की जाती। बताया गया कि रणजीत सिंह ने धान एवं बाजरा विक्रय हेतु विधिवत पंजीकरण एवं सत्यापन कराया था। क्रय अधिकारी द्वारा 14 जनवरी 2026 को ट्रॉली क्रय केन्द्र पर तौल हेतु मंगाई गई जिसमें ट्रॉली संख्या पांच अंकित की गई। इसके बावजूद 27 जनवरी 2026 तक ट्रॉली क्रय केन्द्र में खड़ी रही लेकिन तौल नहीं हो सकी। अत्यधिक ठंड खराब मौसम वृद्धावस्था तथा रखवाली के दौरान बीमार हो जाने के कारण विवश होकर किसान को ट्रॉली वापस ले जानी पड़ी।

### महिला आयोग की सदस्य आज आगाज कार्यक्रम में लेंगी हिस्सा

**कानपुर देहात।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति द्वारा अवगत कराया गया कि संवाद सामाजिक संस्थान द्वारा महिलाओं, बच्चों के अधिकारों, संरक्षण तथा सशक्तिकरण के तहत स्थान मूसानगर कानपुर देहात आगाज कार्यक्रम का आयोजन होगा। पांच फरवरी को आयोजित इस कार्यक्रम में सदस्य को मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया गया है। वह इसमें शामिल होंगी।

# ठगों ने 11 बार में लगाई साढ़े तीन लाख रुपये की चपत

संवाददाता, शिवली

● अचानक जाता रहा मोबाइल का नेटवर्क, इसी बीच हुआ फ्रॉड

**अमृत विचारः** मोबाइल सिम कार्ड से नेटवर्क जाने पर अज्ञात साइबर ठग द्वारा एक व्यक्ति के बैंक के खाते से अलग-अलग 11 बार ट्रांजेक्शन कर 3 लाख 58 हजार 551 रुपये ठगी कर पार कर दिए गए। ठगी का शिकार हुए पीड़ित व्यक्ति ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के मवैया गांव निवासी सतीशचंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 16 जनवरी को उसके मोबाइल के सिम कार्ड का नेटवर्क अचानक चला गया था। 17 जनवरी को जब उसने अपना सिम कार्ड नया निकलवाया तो उसके पंजाब नेशनल बैंक के खाते से 48 सौ रुपए निकाले जाने का मैसेज आ गया।

अज्ञात साइबर ठग द्वारा अकाउंट से पैसे निकाले जाने की शिकायत उसने बैंक में की थी। इसके बाद 19 जनवरी को उसके मोबाइल के सिम कार्ड का नेटवर्क फिर से चला गया था। सिम कार्ड का नेटवर्क जाने पर पंजाब नेशनल बैंक के खाते से साइबर ठग द्वारा लगातार 11 बार ट्रांजैक्शन कर 3 लाख 58 हजार 551 रुपये निकाल लिए गए हैं। कोतवाल प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

● प्रभारी मंत्री ने सदर तहसील व कोतवाली का किया निरीक्षण दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचारः** जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने बुधवार को सदर तहसील और कोतवाली अकबरपुर का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने तहसील में साफ-सफाई, पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, शुद्ध पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। मंत्री ने निर्देशित किया कि आमजन को तहसील से संबंधित आवश्यक अभिलेख एवं सेवाएं निर्धारित समयावधि के भीतर उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई नियमित रूप से आयोजित की जाए तथा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि को प्राथमिकता देने पर बल दिया। साथ ही शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र लाभार्थियों को आच्छादित किए जाने के निर्देश दिए। कोतवाली अकबरपुर के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, अभिलेखों



सदर कोतवाली में अभिलेख देखते कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद।

के सुव्यवस्थित रख-रखाव, परिसर की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, मेस के समुचित रख-रखाव, ड्यूटी चार्ट का नियमानुसार अंकन तथा पंजिकाओं के नियमित संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने पर जोर दिया। मंत्री द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान शिकायत पंजिका का अवलोकन किया गया, जिसमें माह जनवरी 2026 में प्राप्त 37 शिकायतों का पूर्ण निस्तारण पाया गया, जबकि माह फरवरी 2026 में प्राप्त छह शिकायतों में से पांच शिकायतों का निस्तारण पूर्ण पाया गया।

शेष लंबित शिकायत के शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसके अतिरिक्त मंत्री ने नगर पंचायत के माध्यम से कोतवाली गेट पर हरियाली विकसित करने तथा शौचालय एवं परिसर की साफ-सफाई नगर पंचायत स्तर से रोस्टरवार प्रतिदिन कराए जाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# हत्या कर शव गायब करने की दर्ज कराई रिपोर्ट, मिला जिंदा

## सकुशल बरामदगी के बाद पुलिस ने दर्ज कराए युवक के बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

● झूठी रिपोर्ट अंकित कराने पर वादी के खिलाफ हुई लिखा-पढ़ी

**अमृत विचारः** गजनेर थाना क्षेत्र में कथिततौर पर हत्या कर मारे गए युवक को पुलिस ने जिंदा बरामद कर लिया। इससे हड़कंप मच गया। पुलिस ने झूठी रिपोर्ट लिखाने पर वादी पक्ष के खिलाफ विधिक कार्रवाई की है।

गजनेर थाना क्षेत्र नंगापुर गांव के रहने वाले सगुन पुत्र स्व. बाबूलाल ने अदालत के माध्यम से मुकदमा कायम कराया था। इसमें उसने आमिर पुत्र रज्जाक और उसके पिता रज्जाक पुत्र स्व. महबूब के खिलाफ षडयंत्र के तहत रज्जन उर्फ जाहिर हसन पुत्र स्व. लल्लू निवासी ग्राम निवियाखेड़ा थाना सजेती कानपुर नगर, हाल निवासी ग्राम उदईपुर थाना साढ़ जनपद कानपुर नगर की हत्या करने और फिर उसके शव को कहीं छिपा देने का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच की तो मामला फर्जी



रज्जन को पुलिस ने किया बरामद।

निकला। युवक, जिसकी हत्या की बात कही गई थी, पुलिस ने उसे जिंदा बरामद किया है।

दर्ज कराई रिपोर्ट में सगुन ने बताया कि गजनेर थाने में रज्जन के खिलाफ 18/20 एनडीपीएस का मुकदमा कायम था। इसमें उसने रज्जन की जमानत ली थी। इसके बाद कथित मृतक रज्जन अपना घर नंगापुर थाना गजनेर से कहीं चला गया। सगुन द्वारा यह भी बताया गया कि रज्जन उर्फ जाहिर हसन पुत्र स्व. लल्लू की षड़यंत्र के तहत आमिर और उसके पिता रज्जाक ने हत्या कर दी और शव को कहीं छिपा दिया।

मुकदमे की विवेचना के क्रम में पुलिस टीम द्वारा नामित मृतक रज्जन उर्फ जाहिर हसन को सकुशल बरामद कर लिया गया। उसके बयान कराए गए। मुकदमे के संबंध में बीते दिवस फाइनल रिपोर्ट कोर्ट भेज दी गई। इसके बाद पुलिस ने जानबूझकर झूठे व मनगढ़ंत आरोप मुकदमा कायम कराने पर वादी सगुन पर विधिक कार्रवाई की।

# निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन किया अनिवार्य

**कानपुर देहात।** राज्य कर विभाग के अंतर्गत मनोरंजन से संबंधित सभी सेवाओं के संचालन के लिए अनुमति प्राप्त करने हेतु निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन करना अनिवार्य किया गया है। सहायक आयुक्त, राज्य कर खंड-1 नरेश कुमार ने बताया कि राज्य कर विभाग के अंतर्गत मनोरंजन से संबंधित सभी सेवाओं, नवीन सिनेमा लाइसेंस, लाइसेंस नवीनीकरण, वाटर पार्क, प्रदर्शनी, मेला, विभिन्न प्रकार के झूलों का संचालन एवं अन्य मनोरंजन संबंधी समस्त सेवाओं के संचालन के लिए अनुमति प्राप्त करने हेतु राज्य कर विभाग के अंतर्गत समस्त सेवाओं के लिए निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस प्रकार प्राप्त आवेदनों को राज्य कर विभाग के जनपदीय अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने के उपरांत ऑनलाइन आवेदन को जिला मजिस्ट्रेट के लॉग इन पर प्रेषित किया जाना है। इसके बाद डीएम के डिजिटल हस्ताक्षर द्वारा सहमति की दशा में अनुमति प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

# एनजीटी में सुनवाई के बाद बोर्ड ने दस जगह से संकलित किए पानी के नमूने

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** औद्योगिक क्षेत्र रनियां के खानचंद्रपुर इलाके में भू-गर्भ जल में क्रोमियम प्रदूषण के मामले को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में विचाराधीन याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई थी। इस दौरान फिर से भू-गर्भ जल के नमूने संकलित करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बुधवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 10 जगहों पर पानी के नमूने संकलित किए।

क्षेत्रीय अधिकारी मनोज कुमार चौरसिया ने बताया कि एनजीटी में विचाराधीन याचिका पर बीते 3 फरवरी को सुनवाई होने के बाद प्रदूषण विभाग की टीम ने गांव खानचन्द्रपुर, उमरन, घनारामपुर व शिवनाथपुरवा पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान वर्तमान में पानी की स्थिति, खून में क्रोमियम व मरकरी से प्रभावित लोगों से जानकारी ली। इसके बाद टीम ने सामने आ रही समस्याओं तथा उनके सुझावों पर



जल के नमूने लेते प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कर्मचारी। अमृत विचार

चर्चा की। टीम ने सर्वे के दौरान प्रदूषित स्रोतों से उपयोग किए जा रहे पानी के नमूने भी लिए। बताया कि खानचंदपुर में 4, उमरन 3, घनारामपुर 2, और शिवनाथपुरवा 1 पानी का सैंपल लिया गया।

ग्रामीणों से अपील की गई कि संक्रमित जल स्रोतों का उपयोग पूरी तरह से बंद करें। साथ ही घरों के भीतर बोरिंग न कराने, कपड़े-बर्तन धोने, पशुओं को पानी पिलाने तथा अन्य दैनिक कार्यों में भी दूषित जल के प्रयोग से बचने को कहा गया। कहा कि ऐसे जल स्रोत स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। गांव के लोगों को अवगत कराया कि सरकार इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए लगातार कार्यवाही कर रही है। इसमें पूर्व वर्षों में अवैध रूप से डंप किए गए क्रोमियम अपशिष्ट को हटाना, प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा क्रोमियम से प्रभावित लोगों को लक्षणों के आधार पर चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराना शामिल है।

# साढ़े 7 करोड़ की लागत से होगा पेराजोर मार्ग का चौड़ीकरण

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** सब-कुछ सही रहा तो बहुत जल्द ही श्यामपुर-पेराजोर मार्ग का कायाकल्प हो जाएगा। क्षेत्रीय लोगों की मांग पर एमएलसी अरुण पाठक के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सहमति दे दी है। साढ़े सात करोड़ रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी द्वारा इसका चौड़ीकरण किया जाएगा।

रायपुर-गजनेर मार्ग पर स्थित श्यामपुर गांव से पेरोजोर गोईनी मार्ग पिछले कुछ सालों से काफी जर्जर हो चुका है। बारिश के मौसम में यहां भारी वाहनों के आवागमन से बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे और सड़क ने तालाब की शक्ल ले ली थी, स्थानीय लोगों का आवागमन कठिनाइयों भरा हो गया था। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि बाल जी शुक्ला को अपनी पीड़ा बताई तो उन्होंने एम एल सी अरुण पाठक को हस्ताक्षर युक्त एक पत्र सौंपकर जर्जर सड़क के नवीनीकरण की मांग उठाई थी। समस्या की गंभीरता को देखते हुए एम एल सी अरुण पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर सड़क नवीनीकरण की मांग की थी। मुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी को सड़क के नवीनीकरण का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भिजवाने का निर्देश जारी किया था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने साढ़े सात करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा था। इस संबंध में अधिशासी अभियंता हेमंत कुमार ने बताया कि साढ़े सात करोड़ रुपए की लागत से सड़क का नवीनीकरण कराया जाएगा। टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है, कार्य शुरू किया जाएगा।

# बजट में सूक्ष्म और लघु उद्योगों को दी गई विशेष अहमियत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने हाल में प्रस्तुत बजट को अभूतपूर्व बताया और कहा कि बजट में डिजिटल टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान दिया गया है। भविष्य की परिस्थितियों को देखते हुए बजट में इसका प्रावधान किया गया है। किसानों के लिए नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से आय बढ़ाने के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लिए 12 लाख तक जीरो आयकर की व्यवस्था सराहनीय है।

बुधवार को पत्रकारों के साथ बातचीत में मंत्री ने कहा कि तकनीक प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को मौसम की जानकारी मिलेगी जिससे उत्तर प्रदेश के किसानों की उत्पादकता और आय दोनों बढ़ेगी।



पत्रकारों के सवालों के जवाब देते कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद। अमृत विचार

देशभर में 200 पुराने औद्योगिक क्लस्टरों का आधुनिकरण किया जाएगा। सिटी इकोनामिक रीजन के विकास से लिए लखनऊ, कानपुर, कानपुर देहात, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी जैसे शहर रोजगार और स्टार्टअपहब के रूप में उभरेंगे। इसके पहले, जिला अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। किसानों द्वारा फसल की खरीद में अधिकारियों की लापरवाही पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने किसानों की समस्या को हल करने के लिए आश्वासन दिया। प्रभारी मंत्री के सामने जिले की सभी समस्याओं को बिंदुवार रखा गया। प्रभारी मंत्री ने सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर सतीश शुक्ला व जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा भी रहे।

# पाप की श्रेणी में आती कुपात्र और अत्याचारी की सेवा

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** अत्याचारी की सेवा करना भी पाप की श्रेणी में आता है। इसलिए भगवान ने पापाचारी कंस और उनके सहयोगियों के लिए मथुरा भेजे जाने वाले मक्खन आदि को भेजने से गोकुल वासियों को रोका। यह बात बारापुर स्थित जखई बाबा देवस्थान परिसर में श्रीमद्भागवत की कथा में कृष्ण लीलाओं की कथा के दौरान कथावाचक आचार्य सोनू शास्त्री ने श्रोताओं को बताई।

उन्होंने बताया कि भगवान ने समस्त गोकुल वासियों को दूध का मक्खन मथुरा भेजने से रोका और इसके लिए उन्होंने माखन चोरी की लीला की। इस लीला से भगवान ने यह संदेश दिया कि अत्याचारियों की सेवा करना अभी पाप की श्रेणी में आता है। कृष्ण लीलाओं के तहत उन्होंने इसके पूर्व कहा कि जब कंस को ब्रज में नंद बाबा के यहां श्री कृष्ण के जन्म का समाचार मिला तो उसने पूतना नामक राक्षसी को नंद गांव भेजकर श्री कृष्ण को मारने की योजना बनाई। पूतना सुंदर गोपी के वेश में माता यशोदा के पास पहुंची और अपने को रिश्तेदार बताते हुए माता यशोदा के यहां बधाई गाने लगी तभी मौका पाकर पूतना ने श्रीकृष्ण को अपनी गोद में लेकर विष लगे हुये स्तनपान कराने लगी भगवान श्री कृष्ण ने उसके मातृ स्वभाव का सम्मान करते हुए स्तनपान कर पूतना का बध कर दिया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने जन्म के 6 दिन बाद पूतना का वध किया था इसके बाद अघासुर, बकासुर आदि तमाम असुरों का बध किया।

कार्यक्रम | धर्मगढ़ बाबा मंदिर परिसर में हुआ हिंदू सम्मेलन

# भारत ही ऐसा देश, जहां राष्ट्र को मिला मां का दर्जा

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** वर्तमान समय में देश की प्रमुख समस्याओं में जनसंख्या का असंतुलन, लव जिहादी, भूमि जिहादी, घुसपैठियों की पहचान एवं धर्मांतरण मुख्य रूप से हैं। इन समस्याओं में राष्ट्र विरोधीतत्व सक्रिय हैं, जो केवल गद्दी से चिपके रहने के लिए राष्ट्रीय विरोधीतत्वों की सहायता कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में इसके लिए पंच परिवर्तन का अभियान चला रहा है। यह बात रसूलाबाद धर्मगढ़ बाबा मंदिर परिसर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में कानपुर प्रांत प्रचारक श्री राम जी ने अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि की अवधारणा वाली आरएसएस इसके लिए पंच परिवर्तन के तहत विजयादशमी पर शस्त्र पूजन, घर-घर जनसंपर्क, विभिन्न जाति



हिंदू सम्मेलन सम्मेलन में उमड़ा जन सैलाब। अमृत विचार

बिरादरी की बैठक, युवाओं व वृद्धों के साथ गोष्ठियां व गांव गांव भारत माता की आरती द्वारा कार्यक्रम का समापन करेगा। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में केवल भारत ही ऐसा देश है जहां राष्ट्र को मां का दर्जा दिया गया है। भारत माता को विश्व गुरु रूप में स्थापित करने एवं इसकी जय जयकार करने के लिए आरएसएस कटिबंध है। पांच परिवर्तन की अवधारणा के लिए ही भगवान राम राजगद्दी राजकीय वैभव त्याग कर वन गए। वे अगर वन नहीं जाते तो राम नहीं बन पाते।

उन्होंने शबरी जैसे लोगों को गले लगाया, जटायु के साथ खड़े हुए, बालि के अत्याचार से शोषित वंचित लोगों को मुक्त कराया और समाज को संदेश दिया की समाज के साथ जुड़कर ही रावण जैसे लोगों के आतंक का समापन किया जा सकता है। बिना समाज का आश्रय लिए यह कार्य संभव नहीं है। यह संदेश भगवान राम ने दिया उन्होंने देश धर्म के लिए काम किया। भगवान कृष्ण ने भी धर्म के लिए कंस जैसे अत्याचारी का समापन एवं कौरवों का अंत किया।

मुगल काल में भी जब मुग़ल मंदिरों को तोड़ रहे थे, अबलाओं की इज्जत लूट रहे थे तब महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मीबाई ऐसे लोगों ने उनकी अधीनता न स्वीकार कर घास की रोटियां खाकर मर जाना स्वीकार किया और देश के लिए बलिदान दिया। इसके पूर्व अपनी वीर रस से भरी कविताओं से कमलाकांत दीक्षित, गोपाल पांडेय आजाद व पवन ने उपस्थित विशाल जन समुदाय में उत्साह भरा। कार्यक्रम का संचालन युवा शिवाजी दुबे ने किया। विभाग प्रचारक राहुल, विभाग संघ चालक नरेश, छत्र वीर, ग्राम विकास प्रमुख सर्वेश, रमेश आदि रहे।

# पारदर्शिता के लिए पोर्टल पर सही जानकारी दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल ने विधायक व सांसद निधि योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। विकास भवन में हुई बैठक में समस्त संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विधायक और सांसद निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृत प्रगतिशील अपूर्ण एवम अनारंभ कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जो कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा से लंबित हैं अथवा जिनकी प्रगति धीमी है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष धनराशि की अवमुक्ति की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न किया




विकास भवन सभागार में सीडीओ ने की बैठक। अमृत विचार

जाए तथा सभी कार्यों का अद्यतन विवरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर संबंधित ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोर्टल पर सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध होना पारदर्शिता एवं निगरानी की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।

सीडीओ ने दो टूक कहा कि किसी भी दशा में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए और सभी कार्य पारदर्शी एवं नियमानुसार संपादित हों। इसके अतिरिक्त उन्होंने उन कार्यों की भी समीक्षा की जो स्वीकृत हो चुके हैं लेकिन अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं। ऐसे सभी कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराने हेतु संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करना ही इस योजना का मुख्य उद्देश्य है अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश दिए।

**सुविचार**



भगवान यह अपेक्षा नहीं करते कि हम सफल हों, वे तो केवल इतना ही चाहते हैं कि हम प्रयास करें।

- मदर टेरेसा

**कानपुर के प्रमुख समाचार**

- साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहें -II
- मनमाने कर व कुर्की नोटिस पर उबले उद्यमी -III
- नवाचार के जरिये चुनौतियों का समाधान -IV

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि
से आपरेशन
अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

**सिटी ब्रीफ**

### सुपीरियर स्पिरिट्स सेमीफाइनल में

**कानपुर।** सुपीरियर स्पिरिट्स स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित द्वितीय आनंद राव पाटिल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर हरा पत्ता कप के लिए कानपुर साउथ ग्राउंड में जय प्रकाश के नाबाद 121 और 2 विकेट ने सुपीरियर स्पिरिट्स को सेमी फाइनल पहुंचाया। पहले बैटिंग करते हुए सुपीरियर स्पिरिट्स ने 7 विकेट पर 260 रन का स्कोर खड़ा किया। जय प्रकाश गुप्ता नाबाद 121 रन, रितेश कुमार 31 रन और सत्य प्रकाश ने 38 रन बनाए खेरापति की तरफ से मानविक मिश्रा ने 3 विकेट लिए।बड़े स्कोर के दवाब में खेरापति 130 रन बनाकर आउट हो गई। आदित्य दिखला 28 और शशांक सिंह ने 18 रन बनाए ।नितिन तोमर, जय प्रकाश और निष्कर्ष ने 2- 2 विकेट लिए।सुपीरियर ने ये मैच 130 रनो से जीता । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जय प्रकाश गुप्ता को डॉ प्रदीप अवस्थी ने दिया।

### शोध को मिली अकादमिक मान्यता

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग के शोधार्थी अखिलेश द्विवेदी ने अपनी पीएचडी पूरी कर ली है। शोध में यह स्पष्ट किया गया है कि आधुनिक युद्ध की अवधारणा अब केवल पारंपरिक सैन्य शक्ति तक सीमित नहीं रह गई है। इसमें साइबर सुरक्षा, सूचना युद्ध, आंतरिक सुरक्षा, तकनीकी आत्मनिर्भरता तथा रणनीतिक नीति-निर्माण जैसी बहुआयामी चुनौतियाँ निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। अध्ययन में भारत के लिए समग्र और बहुआयामी रक्षा रणनीति अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इस उपलब्धि को सीएसजेएमयू में रक्षा एवं सामरिक अध्ययन के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शोध करार दिया है।

### लिम्फैटिक फाइलेरियासिस पर जागरूकता

**कानपुर।** चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में लिम्फैटिक फाइलेरियासिस विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एके सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी तथा डॉ. शिवकांत, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ. एसके सिंह, चिकित्सा अधिकारी, सीएसए डॉ. गौतम डॉ. मनजीत डॉ. मुनीश गंगवार, डीन छात्र कल्याण डॉ. रश्मि सिंह, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, सीएसए, कानपुर तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संघमित्रा महापात्रा मौजूद रहे।



पुलिस अधिकारियों से शिकायत करते छात्र। अमृत विचार



आक्रोशित छात्रों ने जमकर हंगामा किया। अमृत विचार

# महाराणा प्रताप कॉलेज में छात्रों का संग्राम

## लेट आने पर छात्रों को डंडों-बेल्ट से पीटने का आरोप, एक दर्जन घायल, कॉलेज में सोमवार तक छुट्टी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। छात्रों ने शिक्षकों पर बुरी तरह से मारपीट करने का आरोप लगाया और तोड़फोड़ की। पिटाई से एक दर्जन छात्र चुटहिल हुए। इसके बाद छात्रों ने घंटों घूम-घूम कर नारेबाजी की और सारा काम-काज ठप करा दिया। आक्रोशित छात्रों के तेवर देख स्टाफ कमरों में दुबक गया। छात्रों ने कॉलेज प्रबंधतंत्र पर भी कई गंभीर आरोपों की झड़ी लगा दी। हंगामा बढ़ता देख कॉलेज परिसर में पुलिस और पीएसी को भी बुलाना पड़ा। पुलिस के सामने भी छात्र हंगामा करते रहे और शांत होने को तैयार नहीं हुए। लगभग चार घंटे तक हंगामा चलता रहा। इसके बाद तीन शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज की गई और दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया, तब जाकर छात्र शांत हुए।



सैकड़ों छात्रों ने घूम-घूम कर नारेबाजी की और कालेज बंद करा दिया। अमृत विचार

जीटी रोड स्थित महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में सुबह कुछ छात्र कोहरे के कारण देर से कॉलेज पहुचे। छात्रों का आरोप है कि देर से पहुंचने की वजह से शिक्षकों ने उन लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। छात्र शिक्षकों से पिटाई न करने की गुहार लगाते रहे लेकिन शिक्षकों ने उन्हें बेल्ट और डंडों से बेरहमी से पीटा। पिटाई से छात्र अभिषेक, चित्रांश, कृष्णा, अग्रिम द्विवेदी, सुरेश कश्यप, रमेन्द्र सिंह, अनिल दीक्षित समेत अक्षांश, अस्मित सोनकर के अलावा छात्राएं प्रियंका गुप्ता, सोनी अरोड़ा, मुस्कान, अंजली, अंशिका, घायल हो गईं। डंडे की पिटाई से मुस्कान का हाथ फट गया। हाथ में गंभीर चोट लगने पर घायल छात्र छात्राओं को कॉलेज के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कॉलेज के अन्य छात्रों को जब इसकी सूचना मिली तो वे प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन बढ़ा तो कॉलेज में तोड़फोड़ भी शुरू हो गई। इस बीच घायल छात्र-छात्राओं का इलाज कराया गया। सैकड़ों छात्रों ने कालेज में घूम-घूमकर नारेबाजी की। मामला बढ़ता देख एडीसीपी समेत कई थानों की फोर्स, पीएसी मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाने की कोशिश की। छात्र दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। बाद में एक छात्र के पिता की शिकायत पर तीन टीचरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। कॉलेज प्रबंधन ने दो टीचरों को सस्पेंड कर दिया है। शिक्षक अमित पाठक ,पंकज सिंह, सुभाष मौर्या के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कॉलेज सोमवार तक के लिए बंद कर दिया गया है।

### एबीवीपी का मोर्चा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कॉलेज पहुँचे और धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने लेट फीस चार्ज समाप्त करने, 90 प्रतिशत अनिवार्य उपस्थिति को घटाकर 75 प्रतिशत करने, छात्रों पर दंडात्मक कार्रवाई न करने, अनावश्यक फाइन को समाप्त करने तथा छात्रों को उचित छूट दिए जाने जैसी मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं।

# शहर के निवेशकों की झोली में 4,500 करोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर





**अमृत विचार।** बजट के बाद बीते तीन दिनों से शेयर बाजार में जारी पोस्ट बजट रैली के बाद भारत-अमेरिका ट्रेड डील के सकारात्मक असर से निवेशकों के साथ ब्रोकर्स के चेहरे पर भी मुस्कान लौट रही है। चौतरफा तेजी के चलते पिछले तीन दिनों में शहर के निवेशकों के पोर्टफोलियो में करीब 4,500 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी का अनुमान है।

बजट के दिन भारी गिरावट के बाद पिछले तीन दिनों में सेंसेक्स ने करीब 3100 अंकों की छलांग लगाई है, तो निफ्टी 950 अंक चढ़ा है। इसके लिए चाहे प्रत्यक्ष रूप से शेयरों में निवेश हो, म्यूचुअल फण्ड हो या फिर इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा जारी किये जाने वाले यूलिप (यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान), सभी योजनाओं के बाजार मूल्य में बढ़ोतरी हुई है। तेजी सिर्फ लार्ज-कैप शेयरों तक सीमित नहीं है, बल्कि मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में भी व्यापक खरीदारी देखने को मिल रही है।

**तेजी में शॉर्ट करने वाले बुरी तरह फंसेंगे:** ऐसा नहीं है कि शेयर बाजार में तेजी से सारे ट्रेड्स और निवेशक फायदे में ही हैं। कुछ ऐसे ट्रेडर्स जिन्होंने फ्यूचर एंड ऑप्शन में शार्ट पोजीशन लिया हुआ है, उनके लिए मुसीबत बढ़ रही है। यदि समय रहते सौदे नहीं काटे गए तो शेयर बाजार बढ़ने के साथ ही उनका नुकसान भी बढ़ता जाएगा। इस बीच बुधवार को एंथ्रॉपिक के नए एआई टूल से दुनिया भर की आईटी कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई। एआई के प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच देश की टॉप आईटी कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्किट कैप) को 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का झटका लगा है।

### एक माह में नौ हजार निवेशक बढ़े

बदलते सेंटीमेंट के बीच नए निवेशकों के जुड़ने की संख्या में भी इजाफा हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार फरवरी माह में उत्तर प्रदेश में करीब 5 .35 लाख नए रजिस्टर्ड निवेशक जुड़े हैं, तो इसी अवधि में शहर के रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या में करीब 9 हजार के वृद्धि का अनुमान है।

### समय के साथ और मजबूत होगा निवेशकों का भरोसा



वित्तीय सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार जिस सकारात्मक संकेत का बाजार को लंबे समय से इंतजार था, वह मिल गया है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील के ऐलान से बाजार की बड़ी अड़चन दूर हो गई है। बजट के बाद अब यह ट्रेड डील बाजार में नई ऊर्जा भरेगी। टेक्सटाइल, ऑटो और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कंपनियों के लिए बेहतर निर्यात का अवसर बनेगा। कैपिटल गुड्स और डिफेंस सेक्टर के लिए भी समझौता सकारात्मक माना जा रहा है। इससे आने वाले समय में निवेशकों का भरोसा और मजबूत हो सकता है।

# सीएम की पहल पर 19 साल बाद बोली खुशी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर से 90 किलोमीटर पैदल चलकर सीएम के पास पहुंची थी
- गंभीर बीमारी का हुआ ऑपरेशन अब जीवन में आई खुशी

**अमृत विचार।** शहर की बेटी खुशी गुप्ता 19 साल बाद बोल सकी। वह अपने कुछ शब्दों को आवाज में मिलाकर अब खाना भी मांगती है, परिवार के सदस्यों से बातचीत भी करती है। खुशी को यह खुशी सीएम योगी आदित्यनाथ की पहल पर मिली। खुशी शहर से 90 किलोमीटर पैदल चलकर सीएम तक पहुंची थी।



खुशी को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

खुशी गुप्ता 20 नवंबर को अपने घर पर बिना बताए निकल गई थी। वह 90 किलोमीटर चलकर लखनऊ पहुंची । 22 नवंबर को वह सीएम आवास के बाहर रोती मिली तो पुलिस उसे थाने ले गई। जब इसकी सूचना सीएम योगी आदित्यनाथ तक पहुंची तो उन्होंने उसे बुलाया। 26 नवंबर को खुशी मुख्यमंत्री आवास पहुंची थी। सीएम ने उसकी पढ़ाई की व्यवस्था कराने, कान की मशीन और परिवार के लिए आवास आदि की सुविधाओं के आदेश दिए थे। अब खुशी का ऑपरेशन हो चुका है। अब खुशी सुनने लगी है। बोलने की शुरुआत कर रही है। वह टूटे-फूटे शब्दों में बात कर रही है। ग्वालटोली क्षेत्र की रहने वाली खुशी जन्म से ही मूक-बधिर थी। सीएम योगी से मुलाकात के बाद खुशी का इलाज शुरू हुआ। 5 दिसंबर को उसके एक कान का ऑपरेशन किया गया, लेकिन उससे कोई फायदा नहीं मिला। इसके बाद डॉक्टर रोहित मल्होत्रा ने जांच की। खुशी बिल्कुल भी सुन नहीं पा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खुशी का इलाज हुआ। फाउंडेशन और दिव्यांगजन अधिकारी के सहयोग से 26 जनवरी को खुशी का कॉक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशन किया गया, जो ऑपरेशन सफल रहा। अब खुशी सुनने लगी है। बोलने की शुरुआत कर रही है। वह टूटे-फूटे शब्दों में बात कर रही है।

### घंटाघर में रोज का जाम



दक्षिण क्षेत्र में जाने के लिए अब शहरवासियों को यातायात जाम से निजात मिलने की उम्मीद है। घंटाघर चौराहा सेन्ट्रल स्टेशन सिटी साइड से नौबस्ता नवीन गल्ला मंडी तक मेट्रो का ट्रायल रन बुधवार को हुआ। जल्द ही इस रूट पर यात्रियों के लिए सुगम सफर शुरू किया जाएगा। • अमृत विचार



मेट्रो के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

# मेट्रो के काम से नाला टूटा, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 200 घरों में भर रहा है गंदा बदबूदार पानी

**अमृत विचार।** घंटाघर से लेकर नौबस्ता तक मेट्रो का ट्रायल हुआ जिसका विरोध क्षेत्रवासियों ने काला झंडा और काले गुब्बारे उड़ा कर किया क्योंकि मेट्रो के कार्य की वजह से हमीरपुर रोड का नाला ध्वस्त हुआ। लगभग 1 साल से इस नाले की वजह से 200 घरों में बदबूदार पानी भर रहा है और इसकी कोई भी सुनवाई नहीं हो रही है।

विरोध प्रदर्शन में उपेंद्र तिवारी कमल त्रिपाठी सुबोध मिश्रा बृजेश शर्मा ललितेश दिनेश सिंह वेद प्रकाश अग्निहोत्री मनीष त्रिपाठी कैलाश अखिलेश बाजपेई विवेक गुप्ता और तमाम क्षेत्रीय निवासी मौजूद रहे। लोगों ने यह प्रण किया है कि जब तक इस नाले का सुधार नहीं हो जाता हम सभी क्षेत्रवासी मेट्रो में सफर नहीं करेंगे और मेट्रो का विरोध करते रहेंगे।

**सफलता** | आईआईटी से वाया कानपुर सेंट्रल, नौबस्ता तक सफर की उम्मीद जल्द होगी पूरी

# पहले टेस्ट रन में सेंट्रल से नौबस्ता तक पहुंची मेट्रो ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित उपलब्धि को हासिल कर लिया। पहली बार टेस्ट रन के दौरान 'अप-लाइन' पर मेट्रो ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन से नौबस्ता तक यात्रा पूरी की। इसके साथ ही कॉरिडोर-1 के बचे सेक्शन, कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक यात्री सेवा के विस्तार का काम अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। अब इस रूट की 'अप-लाइन' पर नियमित टेस्टिंग प्रक्रियाएं की जाएंगी। वर्तमान में कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता के बीच स्थित सभी स्टेशनों पर शेष निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है।

सेंट्रल के आगे दो अंडरग्राउंड, पांच एलिवेटेड स्टेशन बनाए

कॉरिडोर-1 पर वर्तमान में आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक दौड़ रही मेट्रो अब जल्दी ही अपने अंतिम स्टेशन नौबस्ता तक संचालित होगी। कानपुर सेंट्रल के आगे दो अंडरग्राउंड स्टेशन झकरकटी और ट्रांसपोर्ट नगर हैं, तथा पांच एलिवेटेड स्टेशन क्रमशः बारादेवी, किदवई नगर, बसंत विहार, बौद्ध नगर और नौबस्ता - बनाए गए हैं।



नौबस्ता हाईवे के ऊपर से गुजरती मेट्रो। अमृत विचार

**पांच किमी प्रति घंटा की गति से चली ट्रेन :** कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक 'अप-लाइन' पर ट्रैक, थर्ड रेल सिस्टम, सिग्नलिंग के काम पिछले दिनों ही पूरे किए गए थे। इसी के बाद मेट्रो को टेस्ट रन के लिए नौबस्ता तक ले जाया गया। इस दौरान ट्रैक, पावर सप्लाई एवं अन्य इंटरफेसों की जांच की गई। इस दौरान मेट्रो को मैनुअल मोड में 5 किमी प्रति घंटा की स्पीड पर चलाया गया।

### रेलवे ओर रोडवेज के साथ बेहतर इंटीग्रेशन

- कानपुर सेंट्रल स्थित मेट्रो स्टेशन के ऊपर रेलवे की ओर से सात मंजिला स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी तरह झकरकटी मेट्रो स्टेशन पर भी बस स्टेशन के साथ इंटीग्रेशन की योजना है, जहां नीचे भूमिगत स्टेशन तथा ऊपर पीपीपी मॉडल के तहत बहुमंजिला इमारत का निर्माण होना है।

**हाई-स्पीड टेस्टों के बाद आएंगे रेल संरक्षा आयुक्त :** अब अगले चरणों में टेस्टिंग के दौरान ट्रेन को ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) एवं ऑटोमेटिक ट्रेन ऑपरेशन (एटीओ) मोड में चलाया जाएगा। सिग्नलिंग से संबंधित मैप वेरिफिकेशन टेस्ट किए जाएंगे, जिनके परिणामों के आधार पर सॉफ्टवेयर अपग्रेड किया जाएगा, इसके बाद 'हाई-स्पीड' टेस्ट पूर्ण होने पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय टीमें निरीक्षण करेंगी और मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त से अनुमोदन मिलने पर यह रूट भी यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। ट्रायल रन के मौके पर यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, निदेशक सीपी सिंह, प्रशांत मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सिटी ब्रीफ

### फर्जी आईडी बना किया आपत्तिजनक पोस्ट

**कानपुर।** कल्याणपुर में युवक के नाम फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर शातिर ने आपत्तिजनक पोस्ट की और बदनाम करने का प्रयास किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। मिर्जापुर नई बस्ती निवासी अभिषेक द्विवेदी के अनुसार इंस्टाग्राम पर उनके नाम से फर्जी आईडी बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट करने से उन्हें मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है। मामले की जानकारी होते ही घटना की शिकायत पुलिस से की। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साक्ष्यों के आधार पर साइबर सेल की मदद से फर्जी अकाउंट संचालित करने वाले की पहचान की जा रही है।

### ट्रैफिक सिपाही ने चालक को पीटा

**कल्याणपुर।** विजयनगर निवासी सूरज सोनी ऑटो चालक हैं। बुधवार को सूरज कल्याणपुर क्रॉसिंग से घंटाघर जा रहा था, तभी क्रॉसिंग के पास ट्रेन से आया सिपाही जबरन उसकी ऑटो में बैठ गया। विरोध पर ट्रैफिक सिपाही ने गाली-गलौज करते हुए उसे थप्पड़ जड़ दिया। इसका वीडियो बना किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसमें ट्रैफिक सिपाही चालक को गाली दे रहा है। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### परिजनों से बिछड़े तीन नाबालिग बच्चे स्टेशन पर मिले

**कानपुर।** परिजनों से बिछड़े तीन नाबालिग बच्चों को सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी ने बरामद करके उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जिससे परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कानपुर सेंट्रल स्टेशन के जीआरपी थाना प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि माघ मेला के दृष्टिगत स्टेशन के प्लेटफार्म, सरकुलेटिंग एरिया, यात्री प्रतीक्षालय पर चेकिंग कर रहे थे, तभी प्लेटफार्म नंबर 1 पर तीन बच्चे घूमते दिखाई दिये जिनकी उम्र 10 से 13 वर्ष के मध्य थी। तीनों बच्चों को पूछताछ के लिए जीआरपी थाना लाया गया। जीआरपी प्रभारी ने बच्चों के परिजनों को सूचना दी जिसपर परिजन जीआरपी थाना पहुंचे और बच्चों को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

**स्मार्ट सिटी का सत्यानाश**



ये स्मार्ट सिटी कानपुर का ही शर्मनाक करने वाला नजारा है। सीटीआई नहर खाली करके मलबा सड़क पर डाल दिया गया है। दिनभर जाम लगता है।



सीटीआई नहर का मलबा नहर के चारो ओर और पुल पर भी भर दिया गया है। जिससे बदबू से आसपास के लोगों का जीना मुहाल है। सड़क भी बंद हो गई।

# साइबर अपराधों के प्रति सतर्क और जागरूक रहें उद्यमी : कमिश्नर

## चमड़ा व्यवसायियों के साथ पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा और सतर्कता के लिए की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



उद्यमियों के साथ बैठक करते पुलिस कमिश्नर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चमड़ा उद्योग से जुड़ी उद्योग तथा व्यवसायियों को सुरक्षित तथा अनुकूल वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में उद्यमियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर रघुवीर लाल ने की।

पुलिस आयुक्त ने चमड़ा उद्यमियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय सतर्कता और जागरूकता है। उन्होंने अपील की कि किसी भी अज्ञात मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, व्हाट्सएप मैसेज, लिंक तथा फाइल से सतर्क रहें। कभी भी ओटीपी किसी से साझा न करें तथा साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल 1930 पर कॉल करके सूचना अवश्य दें। जिससे धनराशि की रिकवरी की संभावनाएं बनी रहती हैं। बैठक में चमड़ा उद्यमियों से सुरक्षा की दृष्टि से कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को अपनी फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों, सुरक्षा गार्डों आदि का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन करना चाहिए। इसके साथ-साथ सभी को अपने फैक्ट्री परिसर के अंदर तथा बाहर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाने चाहिए, जिसकी रिकॉर्डिंग की क्षमता लगभग एक माह अवश्य होनी चाहिए। कैमरे ऐसे स्थान पर लगाएं जिससे सड़क पार्किंग तथा सभी क्षेत्र कवर हो रहे हों। बैठक में चर्म निर्यात परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष असद कमाल इराकी ने पुलिस आयुक्त से उद्यमियों की कुछ समस्याएं भी साझा कीं। उन्होंने कहा फैक्ट्री परिसर के पास स्ट्रीट लाइटों की समुचित व्यवस्थाएं नहीं हैं। कुछ काफी समय से खराब भी पड़ी हैं। कुछ फैक्ट्री के आसपास अतिक्रमण भी है। पुलिस आयुक्त ने सभी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी स्तर पर कोई पुलिसकर्मी परेशान करता है या अवैध मांग करता है तो इसकी सूचना सीधे उन्हें दी जा सकती है। बैठक में संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) विनोद कुमार सिंह, पुलिस आयुक्त दिनेश त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे। इस बैठक में प्रमुख चमड़ा उद्यमियों में सुपर हाउस ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर मुख्तरुल अमीन, चर्म निर्यात परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष असद कमाल ईराकी, चर्म निर्यात परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजीव कुमार जालान, राकेश सूरी तथा अन्य चमड़ा उद्यमियों ने भाग लिया।

# छात्र की पिटाई और फायरिंग में सात आरोपी दबोचे गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घटना का दो वीडियो हुआ था वायरल, फायरिंग करने वाले की तलाश
- पांडुनगर मानस मंच पार्क के पास शराब पी रहे युवकों ने की थी मारपीट

**अमृत विचार।** काकादेव में बीकॉम छात्र की पिटाई व धमकाने वाले बीएससी छात्र समेत सात आरोपियों को बुधवार पुलिस ने दबोच लिया। छात्र से मारपीट के बाद दो वीडियो वायरल हुए थ। वायरल पहले वीडियो में युवक छात्र को पीट रहे थे, जबकि दूसरे सीसीटीवी फुटेज में युवक फायरिंग करता दिखा। फायरिंग का आरोपी अभी तक हत्थे नहीं चढ़ा है। उसकी तलाश में पुलिस टीम लगी है।

गीतानगर निवासी बीकॉम छात्र अमन सोनकर के अनुसार सोमवार देर शाम आठ बजे वह दोस्तों के साथ पांडुनगर मानस मंच पार्क के पास चाय पीने गया था। पार्क के पास गली में कई युवक शराब पी रहे थे। नशे में धुत युवकों ने उनसे गाली-गलौज की, विरोध पर हवाई फायर कर दौड़ाया। अमन के अनुसार वह डरकर भागे और पांडुनगर स्थित सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए युवकों ने घेर लिया और जमकर पीटा। शोर सुनकर रेस्टोरेंट कर्मी मदद को आए। कर्मचारियों को देखकर आरोपी धमकी देकर भाग निकले। इसी बीच लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जिसका पुलिस ने संज्ञान लिया। वायरल वीडियो से अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस ने सात आरोपियों को दबोच लिया। डीसीपी सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि राजेश कुमार शर्मा ने वीडियो के आधार पर पुरानी बस्ती का नजमी आलम, बीएससी छात्र हर्षित तिवारी, रानीगंज का इंटीरियर डिजानइर विशाल यादव, जयप्रकाश नगर के एम ब्लाक का कृष्णा पांडेय, चंदेल चौराहा का डेविड सिंह उर्फ लकी, हमीरपुर के मुस्कुरा का अशोक वाटिका केशवपुरम निवासी गार्ड दीपक सिंह व पेंटिंग कर्मी एम ब्लाक का आरूष को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में तमंचे से फायरिंग करने वाला युवक केशवपुरम का त्रिलोक है। उसके घर पुलिस ने दबिश दी, लेकिन वह फरार है। उसकी तलाश में पुलिस की दो टीमें लगी हैं।



पकड़े गए मारपीट के आरोपी। अमृत विचार

> सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद हवाई फायरिंग व मारपीट की पुष्टि हुई। फुटेज के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एक वीडियो में 5-6 आरोपी छात्र को थप्पड़ व घूसें मार रहे हैं। दूसरे वीडियो में एक युवक फायरिंग कर रहा है। -डीसीपी सेंट्रल, अतुल कुमार श्रीवास्तव



परिजनों से पूछताछ करतीं एडीसीपी अर्चना सिंह। अमृत विचार

# कनपटी पर गोली मार कर युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों के बाहर जाने पर कमरे में मारी गोली, बिस्तर पर खून से सना पड़ा मिला
- गोली की आवाज पटाखा समझकर परिजनों ने अनसुना किया, एडीसीपी ने की जांच

**अमृत विचार।** नवाबगंज में वेल्डिंग कारीगर ने तमंचे से कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज पर परिजनों ने पटाखा समझकर अनसुना कर दिया। दोपहर बाद आए युवक के बड़े भाई ने कमरे का दरवाजा खोला तो बिस्तर पर लहुलूहान शव देखकर चीख-पुकार मच गई। युवक को तत्काल हैलट ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत बता दिया। सूचना पर एडीसीपी सेंट्रल ने पहुंचकर जांच की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। युवक ने खुद को गोली क्यों मारी, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है।



अभिषेक।

ख्योरा निवासी राम अवतार लोडर चालक हैं। परिवार में पत्नी ममता, दो बेटों में बड़ा दीपक व 20 वर्षीय अभिषेक था। दो बेटियों शिवानी व प्रीति शादीशुदा हैं। पिता ने बताया कि दोनों बेटे वेल्डिंग की दुकान पर कारीगर हैं। बुधवार सुबह वह लोडर लेकर काम पर निकल गए थे। पत्नी ममता फतेहपुर स्थित गांव में रहती हैं और बड़ा बेटा भी काम पर गया था। परिजनों के अनुसार अभिषेक बुधवार को काम पर नहीं गया था, वह नीचे अपने कमरे में था। उसकी भाभी पूजा पहले खंड पर अपने कमरे में थीं। इसी बीच कुछ आवाज हुई, लेकिन परिजनों ने पटाखा समझकर अनसुना कर दिया। दोपहर करीब एक बजे जब दीपक खाना खाने घर आया तो वह अभिषेक के कमरे में गया। उसने बिस्तर पर उसे लहुलूहान देखकर चीख पड़ा। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे हैलट ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दीपक के अनुसार बिस्तर पर ही तमंचा पड़ा था और अभिषेक की कनपटी से खून बह रहा था। परिजनों ने बताया कि किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। बेटे ने यह कदम क्यों उठाया, इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। खबर पाकर पहुंचीं बनियापुर निवासी बड़ी बहन शिवानी ने बताया कि मंगलवार को अभिषेक उनसे मिलने आया था। उसने कोई परेशानी नहीं बताई। सूचना पर एडीसीपी अर्चना सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है।

## चार सट्टेबाज गिरफ्तार पर्चियां बरामद

**कानपुर।** काकादेव पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने चार सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से छह मोबाइल, 25 हजार रुपये और सट्टे की पर्चियां बरामद की। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने बताया कि बीते कई दिनों से विजय नगर व शास्त्री नगर में सट्टे की शिकायत मिल रही थी। जिस पर बुधवार को टीम ने छापेमारी की। इस दौरान टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास 25 हजार रुपये और पर्चियां मिली। आरोपी शेयर मार्केट बाजार पर सट्टा खिलवाते थे।

# इलेक्ट्रीशियन ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पत्नी की बीमारी से परेशान रहता था, उसी तनाव में उठाया कदम



राहुल बाजपेयी।

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा में पत्नी की बीमारी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव फंदे से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम भेजा। परिजनों के अनुसार दौरे की बीमारी से पत्नी का लंबे समय से इलाज रहा है। जिसके चलते वह खाना बनाते झुलस भी गई थी।

नगवां गांव निवासी राजेश बाजपेयी घर के पास ही पान-मसाला की गुमटी किए हैं। परिवार में दो बेटे आकाश व 31 वर्षीय राहुल था। राहुल की पांच वर्ष पूर्व सनिगवां की रहने वाली निखिल से शादी हुई थी। उनके एक चार वर्षीय बेटी भाव्या है। पिता के अनुसार राहुल इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। बुधवार सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव पोस्टमार्टम भेजा। पिता के अनुसार राहुल की पत्नी को दौरे की बीमारी है। जिसका पता करवाचौथ पर लगा, जब वह खाना पका रही थी। खाना बनाते समय वह जलते चूल्हे पर गिर गई थी। जिससे गंभीर रूप से झुलस गई। आग बुझाकर उसे समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घर में देखरेख के अभाव में बहू निखिल के परिजन उसे अपने साथ ले गए। तबसे वह मायके में रहकर इलाज करा रही है। इलाज से लाभ न होने से राहुल परेशान रहता था। उसकी बेटी की भी देखभाल नहीं हो पा रही थी, जिससे वह तनाव में रहने लगा था। चचेरे भाई कुलदीप के अनुसार तनाव के चलते ही उसने यह कदम उठाया है।

# युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काम से लौटने पर बिगड़ी हालत उल्टियां होने पर परिजन ले गए अस्पताल

**अमृत विचार।** नजीराबाद में टाइल्स-पत्थर कारीगर ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।

रंजीतपुर रेलवे लाइन निवासी 32 वर्षीय कुलदीप गौतम टाइल्स-पत्थर का कारीगर था। परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। पिता पप्पू गौतम के अनुसार मंगलवार रात काम से लौटने के बाद कमरे में जाकर लेट गया था। उसके बाद उसे उल्टियां होने लगीं। कारण पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया। इस पर तत्काल हैलट ले गए, जहां डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की बात बताई। उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार जहर खाने की वजह स्पष्ट नहीं है। पति-पत्नी में विवाद होने पर पता चला था कि कुलदीप का किसी अन्य महिला से संबंध था। जिस कारण उनके बीच कलह होती थी।

**महापौर की बैठक**

**भैरोघाट, परमट से ग्रीन पार्क मार्ग समेत कई स्थानों पर गड्ढों से लोग हो रहे चुटहिल**

# सड़कों पर गड्ढों से हादसे हो रहे, क्या कर रहे नगर निगम अफसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक करतीं महापौर। अमृत विचार



बाल भवन के बाहर गड्ढे में भरा पानी। अमृत विचार

- मुख्य अभियन्ता सिविल को तत्काल सड़कें मोटरेबुल किए जाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में बुधवार को होलिका दहन, होली, गंगा मेला, हटिया में रंगों के ठेला के यात्रा मार्ग को लेकर नगर निगम एवं जलकल अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी, लेकिन बैठक शुरू होते ही महापौर ने शहर में सड़कों के हाल पर नाराजगी जतानी शुरू कर दी। महापौर ने भैरोघाट में केस्को कार्यालय के पास तीन स्थानों पर गड्ढा होने एवं परमट से ग्रीन पार्क जाने वाले रास्ते समेत कई अन्य स्थानों पर गड्ढों के कारण जनता के चुटहिल होने की जानकारी देते हुए मुख्य अभियन्ता सिविल को तत्काल सड़कें मोटरेबुल किए जाने के निर्देश दिए।

**होलिका दहन स्थलों पर ईट-मलबा नहीं पड़ेगा :** बैठक में महापौर द्वारा होलिका दहन स्थलों पर मिट्टी डलवाने एवं गंगा मेला यात्रा मार्ग के सम्बन्ध में पूछे जाने पर मुख्य अभियन्ता सिविल सैय्यद फरीद अख्तर जैदी ने बताया कि होलिका दहन के लिए शहर में पूर्व निर्धारित 464 स्थलों पर केवल मिट्टी डलवायी जाती है। मलबा, ईटें आदि डलवाने से दुर्घटना होने की आशंका रहती है। गंगा मेला के दिन हटिया से निकलने वाले रंगों का ठेला यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया है। यात्रा मार्ग में जलकल की पाइप लाइन सम्बन्धी कार्य हो रहा है।

### हटिया पार्क का 20 तक पूरा हो जाएगा सुंदरीकरण

- हटिया पार्क में पत्थर आदि लगाने से सम्बन्धित सुन्दरीकरण का कार्य चल रहा है। सभी काम 20 फरवरी तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। महापौर ने महाप्रबन्धक जलकल को निर्देश दिए कि होली के दिन न सिर्फ अधिक समय तक जलापूर्ति की जाए, बल्कि पानी का प्रेशर भी बढ़ाया जाए। इसके साथ ही पंजीकृत मलिन बस्तियों के पास पानी के टैंकर रखे जाएं।

### कच्ची बस्ती में कब्जे हटाकर दूर होगा जलभराव

- महापौर ने गोविंद नगर कच्ची बस्ती में जलभराव की समस्या दूर करने के लिए निर्देश दिए कि वहां अतिक्रमण हटवाकर अतिरिक्त पम्प लगाए जाएं और पानी निकाला जाए। बैठक में अपर नगर आयुक्त मो. अवेश, जगदीश यादव, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनमोहन आर्या, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संखवार, डॉ. अमित सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर, महाप्रबन्धक जलकल आनन्द कुमार त्रिपाठी, जोनल अधिकारी, जोन-1 विद्या सागर यादव, जोन-2 विजय कुमार, जोन-3 ध्रुव नारायण यादव, जोन-4 राजेश सिंह, जोन-5 अनुपम त्रिपाठी, के अलावा सभी जोन के अधिशासी अभियन्ता शामिल रहे।

सिटी ब्रीफ

### चालक- परिचालक सम्मानित

**कानपुर।** सड़क सुरक्षा माह के समापन के अवसर पर ई बस डिपो विमान नगर में चालक- परिचालकों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक महेश कुमार ने कहा कि आप सब पूरी तन्यमता से कार्य कर रहे हैं। हमें आप पर गर्व है। प्रबंधक संचालन अभिनव निगम आदि मौजूद रहे।

### गंगा बैराज पर युवकों में मारपीट

**कानपुर।** गंगा बैराज पर स्टंट कर रहे विकास नगर निवासी दो युवकों में मारपीट हो गई। अक्षय और सुमित बाइक से स्टंट कर रहे थे। तभी ट्रांसगंगा सिटी की तरफ से स्टंट करते हुए आए रमीज से उनकी बाइक टकराते बची। इस पर अक्षय ने रमीज को भला बुरा कहा। इससे नाराज रमीज ने उसे थप्पड़ मार दिया। सुमित ने बीच बचाव की कोशिश की पर बात नहीं बनी। दोनों ने एक दूसरे को पटक किया। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों को अलग किया।

### गड्ढे में गिरी बाइक युवक जख्मी

**कानपुर।** देवकी चौराहा से शारदा नगर तक खोदाई हो रही है। जल निगम खोदाई कर पाइप लाइन डाल रहा है। इस वजह से सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। जगह- जगह मिट्टी धंस गई है। इस वजह से आए दिन वाहन चालक गिर रहे हैं। साथ ही पहिया भी फंस रहा है। इससे जाम भी लग रहा है। बुधवार को शारदा नगर निवासी प्रदीप अपनी बहन के साथ हैलट अस्पताल से आ रहा था। तभी बाइक गड्ढे में फंस कर गिर गई। इससे प्रदीप के सिर में चोट लगी जबकि बहन सुमन के कमर में ईंट लग गई। लोगों ने किसी तरह दोनों को उठाया।

# मनमाने कर निर्धारण व कुर्की नोटिस पर भड़क उठा उद्यमियों का गुस्सा

## नगर आयुक्त के साथ बैठक में औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जताया रोष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नगर आयुक्त के साथ बैठक करते उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में बुधवार को नगर निगम सभागार में औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित संगठनों के साथ आयोजित बैठक में उद्यमियों का गुस्सा औद्योगिक इकाइयों पर अनाप-शनाप कर लगाने तथा कुर्की की नोटिस निकालने को लेकर उबल पड़ा। उद्यमियों का कहना था कि कर निर्धारण सर्वेक्षण के बाद राशि में न सिर्फ मनमाने ढंग से बेतहाशा वृद्धि की गई है, बल्कि तमाम मामलों में आकलन संबंधी विसंगतियां भी हैं। 2025-26 में 2022-23 से बकाया टैक्स मांगा जा रहा है, जो कतई उचित नहीं है। इस पर नगर आयुक्त ने तत्काल कुर्की नोटिस स्थगित करने और असेसमेंट कराकर नए कर को आरोपित करने के बाद ही किसी प्रकार की कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।

बैठक में नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि पूर्व में पनकी सहित कुछ औद्योगिक क्षेत्र नगर निगम सीमा से बाहर थे, जो कि पहली अप्रैल 2025 से नगर निगम सीमा में सम्मिलित हुए हैं, इसी कारण कर निर्धारण को लेकर व्यवहारिक कठिनाइयां सामने आई हैं। इस पर औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया गया कि पूर्व अवधि से संबंधित कर मामलों में परस्पर समन्वय एवं आपसी समझ के माध्यम से समाधान हेतु नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों का एक संयुक्त समन्वय प्लेटफॉर्म बनाकर मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, उद्यमियों को परेशान न किया जाए। कुछ औद्योगिक इकाइयों ने बताया गया कि बिना पूर्व सूचना के कर बिल निर्गत होने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई है, इस पर नगर आयुक्त ने मामले को संवेदनशीलता एवं नियमानुसार परीक्षण किए जाने का आश्वासन दिया।

लघु उद्योग भारती महिला विंग की अध्यक्ष प्रिया वर्मा ने सुझाव दिया कि कर में किसी भी प्रकार की वृद्धि से पूर्व संबंधित इकाइयों को सूचना दी जानी चाहिए तथा कोई भी परिवर्तन आगामी किस्तों से प्रभावी किया जाना चाहिए। इस पर नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया कि निगम का उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों के साथ सहयोगात्मक एवं समाधानपरक वातावरण बनाए रखना है। सभी सुझावों का विधिक एवं तकनीकी परीक्षण कराने के बाद ही नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सफाई और लाइट व्यवस्था बदहाल

- बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में सफाई और लाइट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। उद्यमियों ने समस्याएं गिनाते हुए प्राथमिकता पर दोनों कार्य कराने की मांग की। जवाब में नगर निगम की ओर से नियमित सेवाओं को और बेहतर करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। बैठक में फीटा के महामंत्री उमंग अग्रवाल, कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट के अध्यक्ष विजय कपूर, पीआईए के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज बंका के अलावा बृजेश अवस्थी, सुनील वैश्य, आलोक अग्रवाल, दिनेश बरसिया, अमन घई प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा आईटी सेल के खिलाफ एफआईआर हो

**कानपुर।** सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत गांधी परिवार के खिलाफ भाजपा आईटी सेल के कार्यकर्ता द्वारा लिखी गई अभद्र टिप्पणी से आक्रोशित कांग्रेसजनों ने पुलिस कमिश्नर को शिकायत पत्र सौंपते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की।

कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुवाई में कांग्रेसी बुधवार को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पहुंचे। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि आरोपी भाजपा आईटी सेल से जुड़ा है और एक सोची समझी साजिश के तहत कांग्रेस और दिवंगत प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और वर्तमान सांसद सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के लिए गंदे पोस्ट चला रहा है। पुलिस कमिश्नर को शिकायती पत्र देते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही करने के साथ ही गिरफ्तार करने की मांग की गई।

पवन गुप्ता ने चेतावनी दी है कि यदि कानपुर पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो वे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए ऐसी ही पोस्ट चलाने को मजबूर होंगे और उनका पुतला दहन भी करेंगे। हरप्रकाश अग्निहोत्री, प्रतिभा अटल पाल, रितेश यादव, पदम मोहन मिश्रा, अजय श्रीवास्तव, राकेश साहू, जावेद जमील, संजय दीक्षित, राम शंकर राय, राजेश गौतम, आसिफ इक़बाल, विनोद अवस्थी, अमिताभ दत्त मिश्रा, प्रदीप यादव, शाकिर अली उस्मानी आदि थे।




पदाधिकारियों ने दी जानकारी। अमृत विचार

# अमेरिका, रूस व चीन के रुख पर होगा मंथन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की इंडस्ट्री कमेटी द्वारा होगा आयोजन

**अमृत विचार।** अमेरिका, रूस व चीन के रुख से ग्लोबल मार्केट में पड़ रहे असर पर गुरुवार को शहर के उद्यमी व कारोबारी मंथन करेंगे। यह मंथन मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के सभागार में होगा। मंथन के लिए विशेषज्ञ भी शामिल होने आ रहे हैं। इस बीच ग्लोबल चुनौतियों पर भी चर्चा की जाएगी।

यह जानकारी बुधवार को मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के इंडस्ट्री कमेटी के चेयरमैन सुशील शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस टॉक शो में दो विशेषज्ञ मेजर जनरल (सेनि) राजीव नारायणन व कर्नल (सेनि) अजय के. रैना और आदि अंचित 5 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे हैं। समकालीन वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य, बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों तथा भारत की भावी रणनीतिक दिशा पर गहन विमर्श किया जाएगा। इंडस्ट्री कमेटी के चेयरमैन शिवांश मेहरा सीईओ प्रभात मिश्रा भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि विश्व पटल पर हो रहे वैश्विक परिवर्तनों के बीच भारत की राह क्या होगी इसका उत्तर इस मंच पर मिलेगा। ट्रंप टैरिफ के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता, चीन की अदृश्य लेकिन कुटिल रणनीतियाँ, तथा रूस की मजबूत स्थिति ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में उथल-पुथल मचा दी है। वहीं, नाटो देशों के साथ अमेरिका की बढ़ती दूरियां विश्व मंच पर नए समीकरणों और संभावनाओं को जन्म दे रही हैं। इन जटिल वैश्विक परिस्थितियों में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि हमारे उद्यमी, व्यापारी, पेशेवर वर्ग एवं समाज यह समझें कि किस प्रकार इन चुनौतियों के बीच आगे बढ़ते हुए भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका निभाई जाए।



गोविंद नगर में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। अमृत विचार

# गद्दार कहने पर राहुल गांधी का पुतला फूंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोविंद नगर बाटा चौराहा के पास सिख फाउंडेशन का प्रदर्शन
- ये सिर्फ मंत्री का ही नहीं बल्कि सारे सिख समाज का अपमान

**अमृत विचार।** सदन में रेल राज्य मंत्री सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी द्वारा गद्दार कहे जाने पर उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन ने विरोध स्वरूप गोविंद नगर बाटा चौराहा के पास राहुल गांधी का पुतला फूंका और जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष राहुल गांधी मुर्दाबाद राहुल गांधी होश में आओ, राहुल गांधी माफी मांगो आदि नारे लगा रहे थे। फाउंडेशन के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि राहुल गांधी ने सिख नेता केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का अपमान ही नहीं बल्कि सिख समाज का भी अपमान किया है। प्रदर्शन में सरदार रविंद्र सिंह रिंकू सरदार राजेंद्र सिंह काका, सरदार जसवीर सिंह मल्होत्रा, सरदार कुलबीर सिंह महाजन, सरदार हरप्रीत सिंह मक्कड़, सरदार मंजीत सिंह चड्ढा, दलजीत कौर, मनप्रीत कौर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पोर्टल पर 15 फरवरी तक दर्ज कराएं वक्फ सम्पत्तियां

**कानपुर।** उम्मीद केंद्रीय पोर्टल-2025 पर वक्फ सम्पत्तियों का पंजीयन 15 फरवरी 2026 तक हर हाल लोग करा लें। पोर्टल पर पूरी तरह सारी परीक्षण की पहले अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2025 निर्धारित थी लेकिन अब उसे छह माह के लिए बढ़ाकर 5 जून 2026 कर दिया गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ, पवन कुमार सिंह ने बताया कि उम्मीद पोर्टल पर मुतवल्ली (मेकर) द्वारा वक्फ सम्पत्तियों का विवरण पंजीकृत किए जाने की अंतिम तिथि 15 फरवरी, 2026 निर्धारित की गई है। पोर्टल पर मुतवल्ली द्वारा भरे गए विवरण का वक्फ बोर्ड द्वारा परीक्षण किए जाने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल, 2026 है। वक्फ बोर्ड के स्तर से पंजीकरण को अनुमोदित किए जाने की अंतिम तिथि 05 जून, 2026 निर्धारित की गई है। सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ, पवन कुमार सिंह ने जनपद के समस्त मुतवल्ली, प्रबंध समिति एवं प्रशासकों को सूचित किया है कि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्ति का विवरण प्रत्येक दशा में 15 फरवरी, 2026 तक फीड कराना अनिवार्य है।

# संभव अभियान की रैंकिंग में नगर अव्वल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रदेश में सर्वाधिक कानपुर नगर को 75.5 प्रतिशत अंक मिले
- फर्रुखाबाद दूसरे स्थान पर फिरोजाबाद तीसरे स्थान पर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में संचालित संभव अभियान के अंतर्गत कानपुर नगर ने 31 जनवरी को जारी प्रदेशीय रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है। जनपद को 75.5 अंक मिले हैं, जो प्रदेश में सर्वाधिक हैं। रैंकिंग में फर्रुखाबाद 74.8 अंकों के साथ दूसरे, श्रावस्ती 71.01 अंकों के साथ तीसरे, वाराणसी 70.3 और चंदौली 70 अंक लेकर शीर्ष जिलों में शामिल रहे। वहीं फिरोजाबाद 45.5 अंकों के साथ प्रदेश में अंतिम 75वें स्थान पर रहा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिन्हा ने बताया कि अभियान में सैम, सीवियर अंडरवेट बच्चों और गर्भवती महिलाओं से जुड़े सभी मानकों पर एक साथ काम किया गया। डेटा-आधारित मॉनिटरिंग और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व आशा के समन्वित प्रयासों से यह परिणाम संभव हो सका। उन्होंने बताया कि प्रयागराज 47.4 अंकों के साथ 74वें और कासगंज 48.5 अंकों के साथ 73वें स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि जनपद में 1,850 सैम श्रेणी के बच्चों को चिन्हित किया गया था। नियमित स्वास्थ्य जांच, चिकित्सीय प्रबंधन और सतत फॉलो-अप के बाद 1,837 बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार दर्ज किया गया। निरंतर निगरानी और केंद्रित प्रयासों से 834 बच्चे सैम श्रेणी से बाहर होकर सामान्य श्रेणी में आ गए, जबकि शेष बच्चों के स्वास्थ्य में भी निरंतर प्रगति दर्ज की जा रही है। इस तरह बच्चों के स्वास्थ्य सुधार का कुल प्रतिशत 99.30 रहा, जिसे रैंकिंग का प्रमुख आधार माना गया। अभियान के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन द्वारा पूरे संभव अभियान की प्रभावी, नियमित और परिणामोन्मुख मॉनिटरिंग की गई। फील्ड से लेकर समीक्षा स्तर तक निरंतर निगरानी, विभागीय समन्वय और समयबद्ध फीडबैक के चलते अभियान के परिणाम स्पष्ट रूप से सामने आए, जिसका असर प्रदेशीय रैंकिंग में जनपद को मिले पहले स्थान के रूप में दिखा।

# अगले दो साल में 20 फीसदी बढ़ सकता शहर का निर्यात कारोबार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



| | |
|---|---|
| 10400 | करोड़ रुपये का निर्यात बाजार है |
| 7400 | करोड़ का निर्यात अप्रैल से दिसंबर तक |
| 1500 | से 2 हजार करोड़ की बढ़ोत्तरी संभव |
| 12000 | करोड़ का लक्ष्य इस बार प्रस्तावित |

- टैरिफ में दी गई छूट के बाद एफटीए भी बना सहूलियत
- लेदर, टेक्सटाइल में सबसे अधिक ग्रोथ होने की संभावना

### प्रमोशन पर फोकस

- निर्यात कारोबार को बढ़ाने के लिए निर्यातकों से प्रमोशन के लिए भी सलाह दी जा रही है। इसके लिए विदेशों में लगने वाले ट्रेड शो में अधिक से अधिक प्रतिनिधि मंडल के शामिल होने की बात की जा रही है। खासतौर पर नए निर्यातकों को इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। लेदर सेक्टर के लिए इटली को सबसे मुफीद इन दो सालों में माना जा रहा है।

**अमृत विचार।** शहर का निर्यात 2 सालों में 20 फीसदी तक बढ़ सकता है। इसकी वजह अमेरिका की ओर से टैरिफ पर छूट और हाल ही में हुए एफटीए को माना जा रहा है। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि शहर से सबसे अधिक लेदर व टेक्सटाइल सेक्टर को ग्रोथ मिलने की संभावना है। एफटीए के बाद नया वैश्विक बाजार छोटे निर्यातकों के लिए बेहतर अवसर माना जा रहा है।

शहर के निर्यात बाजार की बात की जाए तो वर्ष 2024-25 में 10400 करोड़ रुपये है। फियो के आंकड़ों की बात की जाए तो अप्रैल से दिसंबर तक 7400 करोड़ का निर्यात शहर से हुआ है। जनवरी, फरवरी और मार्च में विशेषज्ञ उम्मीद कर रहे हैं कि इसमें 15 सौ से 2 हजार करोड़ का और अधिक इजाफा हो सकता है। ऐसे में फियो की ओर से दो साल का 12 हजार करोड़ का लक्ष्य इस बार प्रस्तावित किया गया है। निर्यात विशेषज्ञों के अनुसार शहर में यदि इस बार अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ की मार का असर नहीं होता तो इस बार निर्यात कारोबार 11 हजार करोड़ रुपये को छू सकता था। अब हाल ही में बनी स्थितियां ग्लोबल मार्केट में बेहतर माहौल का भविष्य में संकेत दे रही हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑग्रनाईजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि अभी भी शहर के निर्यात कारोबार में तमाम कठिनाई हैं। ग्लोबल मार्केट में एफटीए के बाद दूसरे देशों के नियमों पर खरा उतरना भी नए निर्यातकों के चैलेंज में शामिल हैं। बावजूद इसके शहर का निर्यात कारोबार अपना प्रस्तावित लक्ष्य हासिल करने की संभावनाएं हैं।

कारोबार बढ़ाने के लिए नए निर्यातकों को पर काफी जोर है। यूरोप की बाजार में निर्यात के लिए नए निर्यातकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नए निर्यातकों को यूरोपीय व ओमान की बाजार को फोकस करते हुए नए उत्पादों पर डील करने की सलाह विशेषज्ञों की ओर से दी जा रही है।

# सीएम की ऋण योजना में भी बैंक कर रहे लापरवाही, डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



नवीन सभागार में बैंक अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक और बंधन बैंक को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 40-40 युवाओं को ऋण देने का लक्ष्य दिया गया था लेकिन इन बैंकों द्वारा अब तक एक भी लोन डिसबर्स नहीं किया गया। योजना के अंतर्गत जनपद को कुल 4000 लोन का लक्ष्य दिया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 2313 लोन डिसबर्स हुए हैं। बैंकों की इस सुस्ती पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।

बुधवार को सीएम युवा उद्यमी योजना के क्रियान्वयन में बैंकों की उदासीनता पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अपनाया। ॉ बैठक के दौरान कई बैंकों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष एक भी ऋण वितरित न किए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई और स्पष्ट कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

### समीक्षा में मिली बैंकों की लापरवाही

- आईडीबीआई बैंक ने 40 के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 7 आवेदन
- बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 40 के सापेक्ष महज 6 लोन ही डिसबर्स किए हैं।
- आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 40 के लक्ष्य के सापेक्ष केवल एक लोन दिया है।
- एक्सिस बैंक ने 200 के लक्ष्य के मुकाबले एक भी लोन डिसबर्स नहीं किया है।
- एचडीएफसी बैंक ने 210 के लक्ष्य के सापेक्ष 75 आवेदन।
- आईसीआईसीआई बैंक ने 200 के लक्ष्य के मुकाबले केवल 26 लोन वितरित किए

### इन बैंकों का प्रदर्शन कुछ ठीक रहा

- बैंक ऑफ बड़ौदा ने 550 के लक्ष्य के सापेक्ष 420 लोन डिसबर्स कर बेहतर प्रदर्शन किया है।
- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 650 के लक्ष्य के मुकाबले 347 लोन वितरित किये।
- पंजाब नेशनल बैंक ने 500 के सापेक्ष 251 युवाओं को ऋण उपलब्ध कराया है।

कारोबार

बजट में कंटेनर निर्माण को बढ़ावा दिए जाने के बाद मिली सहूलियत

# विदेश उत्पाद भेजना निर्यातकों के लिए होगा आसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




### कंटेनर की है जरूरत

- उद्योग के अनुमानों के अनुसार भारत की कंटेनर निर्माण क्षमता लगभग 30 हजार यूनिट प्रति वर्ष है। इसके विपरीत, चीन, जो वैश्विक कंटेनर बाजार पर हावी है, के पास एक वर्ष में 5 मिलियन यूनिट का उत्पादन करने की क्षमता है। निर्यात विशेषज्ञों का कहना है कि निर्यात-आधारित रणनीति के लिए अधिक कंटेनरों की आवश्यकता है। इसके अलावा, भारत कंटेनर शिपिंग लाइन भी जल्द ही परिचालन में होगी, और इसे कंटेनरों के अपने स्वयं के परिसंपत्ति आधार की आवश्यकता होगी। सरकार भारत में निर्मित कंटेनर और प्रचलित बाजार दरों के बीच लागत के अंतर को पाटना चाहती है।

### महामारी में हुई परेशानी

महामारी के दौरान कंटेनरों की कमी के कारण भारत के निर्यातकों और आयातकों को परेशानी हुई। कुछ नए प्रवेशकों ने उस क्षेत्र में प्रवेश किया जिसमें चीन का बाजार हिस्सेदारी या 97 फ़ीसदी तक का एकाधिकार है। कंटेनरीकृत कार्गो की उच्च वृद्धि दर का समर्थन करने के लिए सरकार द्वारा कंटेनर निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के मूल्य का लगभग दो-तिहाई है।

**अमृत विचार।** ग्लोबल मार्केट से जुड़े निर्यातकों को जल्द ही विदेश में उत्पादों को भेजना सस्ता होगा। देश में माल वाहक कंटेनर की संख्या में इजाफा होगा। जिसका असर कंटेनर कास्ट में कमी के रूप में देखने को मिलेगा। इस बार बजट में कंटेनर निर्माण को बढ़ावा दिए जाने के बाद निर्यात विशेषज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं। माना जा रहा है जल्द ही इसका असर निर्यात बाजार में दिखाई देगा।

इस बार बजट में निर्यात को बढ़ावा दिए जाने और विदेशी कारोबार समझौते का लाभ उठाने के लिए निर्यातकों को कई सहूलियत दी गई है। बजट में 10 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं के साथ कंटेनर निर्माण को बढ़ावा दिया गया है।

भारत में निर्मित कंटेनर चीन की तुलना में 30-40 फ़ीसदी महंगे हैं, क्योंकि सामग्री की लागत अधिक है और उत्पादन सुविधाएं कम हैं। शिपिंग कंटेनरों के निर्माण की भारत की योजना - महामारी के कारण आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों के कारण उत्पन्न एक आवश्यकता। जिसने कार्गो कंटेनरों की भारी कमी को जन्म दिया। केंद्रीय बजट में बढ़ावा मिला है।

सरकार ने विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण इको-सिस्टम बनाने के उद्देश्य से एक योजना के लिए पांच वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। फेडरेशन ऑफ़ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रस्ताव पर फियो कंटेनरों के संबंध में लगातार सरकार से बात कर रहा था। बजट में अगले पांच वर्षों में 10 हजार करोड़ के कुल परिव्यय के साथ कंटेनर विनिर्माण सहायता योजना की घोषणा हुई है। जिसे आने वाले सालो मे लॉजिस्टिक कॉस्ट को कम किया जाएगा। इस पहल के तहत अगले दशक में लगभग दस लाख टीईयू की वार्षिक घरेलू विनिर्माण क्षमता हासिल करने का लक्ष्य है।

## सिटी ब्रीफ

### सिप्ला का ब्रीदफ्री लंग वेलनेस सेंटर

**कानपुर।** क्रॉनिक रेस्पिरेटरी डिजीज (लंबे समय तक बनी रहने वाली सांस की बीमारियां सीआरडीज) और गैर-संक्रामक बीमारियों (एनसीडीज) के बढ़ते बोझ में ये दो शीर्ष योगदानकर्ता हैं। डॉ. एसके अवस्थी, चेस्ट फिजिशियन ने कहा कि यह तथ्य है कि सांस की बीमारियां लोगों की ज़िंदगी और हेल्थकेयर सिस्टम, दोनों पर बहुत ज़्यादा भार बनी हुई हैं। ऐसे में व्यापक समाधानों की तुरंत ज़रूरत है जो बीमारी का जल्दी पता लगाने, डायग्नोसिस और इलाज को प्राथमिकता दें। ब्रीदफ्री लंग वेलनेस सेंटर जैसे वन-स्टॉप सेंटर, फेफड़ों के स्वास्थ्य से जुड़ी पूरी डायग्नोस्टिक्स और केयर सर्विस को मरीज़ों के करीब लाकर इस कमी को पूरा करने में मदद करते हैं।

### हेल्पडेस्क लगाकर मतदाता फार्म भरवाए

**कानपुर।** भाजपा दक्षिण जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा 169 शक्तिकेंद्रों पर हेल्प डेस्क लगाकर लोगों से मतदाता फार्म भरवाए गए। एसआईआर अभियान के तहत बुधवार को भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने छावनी विधानसभा में हेल्प डेस्क लगाकर लोगों से मतदाता फार्म भरवाए। हेल्प डेस्क में नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए स्वयं ऑनलाईन फार्म 6 भरकर पंजीकरण किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मतदाता बनने से वंचित रह गए लोगों के फार्म 6 भरवाकर बीएलओ के पास जमा कराए। इस दौरान राम बहादुर यादव, जसविंदर सिंह, गणेश शुक्ला, अनुराग शुक्ला, संजीव बेरी, शिवम मिश्रा, एलबी पटेल, विक्की मुरजानी ,अर्जुन बेरिया, अरविंद वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पड़ोसी ने किया लाठी डंडों से हमला

**कल्याणपुर।** पनकी में गंगागंज भाग एक निवासी रामबाबू के अनुसार उनके पड़ोसी बाबू, महाबली व कई साथी मंगलवार रात शराब के नशे में उनके घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे थे। जिसका उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में रामबाबू, उनकी पत्नी और बेटा घायल हो गए। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर मौके से भाग निकले। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### 16 अपराधियों को पुलिस ने किया जिलाबदर

**कानपुर।** कानून व्यवस्था सुधारने के लिए कानपुर पुलिस कमिश्नरेट ने बुधवार 16 अपराधियों को जिलाबदर किया। इस दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों के घर के पास डुगडुगी बजवाई। संदेश दिया कि इस बीच आरोपी शहर की सीमा के बाहर रहेंगे। शहर में दिखे तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। जेसीपी कानून व्यवस्था आशुतोष सिंह ने बताया कि चमनगंज पुलिस ने सफियाबाद निवासी सुफियान उर्फ कनखड़ा, बजरिया पुलिस कर्नलगंज के रविंद्र, बिठूर पुलिस ने मकसूदाबाद का करन राठौर उर्फ प्रिंस, परगही का अंकित कमल उर्फ कल्लू रंगा, ईश्वरीगंज का संदीप निषाद, नवाबगंज ज्योरा का शनि गौड़ उर्फ टोनी व पहलवानपुरवा का आनंद निषाद, कर्नलगंज पुलिस ने चूड़ी मोहाल निवासी साकिब उर्फ छंगा, सचेंडी पुलिस ने रौतेपुर का रणविजय सिंह, सेन पश्चिम पारा पुलिस ने सेन पूरब पारा का राम सिंह उर्फ अमन व दीनदयालपुरम का राकेश प्रजापति, जाजमऊ पुलिस ने मकदूमनगर का दिलशाद खान उर्फ भूरा उर्फ भूरे, नौबस्ता पुलिस ने कच्ची बस्ती निवासी निहाल सोनकर को छह माह के लिए जिलाबदर किया है।

# घर के पास मिलेगा रोजगार रुकेगा युवाओं का पलायन

## जिले में एम्प्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन खोलने की पहल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जोन में प्लग-एंड-प्ले इकाइयां फ्लैटेड फैक्ट्री, कॉमन फैसिलिटी सेंटर्स, टूल रूम, और टेस्टिंग लैब जैसी सुविधाएं होंगी
- एमएसएमई और अन्य उद्योगों को सभी सहूलियत एक स्थान पर मिलेंगी, जिला उद्योग केंद्र भी यहीं स्थापित होंगे

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार ने युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने की दिशा में बड़ी पहल शुरू की है। इसके लिए हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लायमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन स्थापित किए जाएंगे, जिनमें कौशल प्रशिक्षण, उद्योग, एमएसएमई और स्वरोजगार के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कवायद से युवाओं का पलायन रुकेगा। सरकार का मानना है कि 'विकसित प्रदेश' की तरफ आगे बढ़ने के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में औद्योगिक संतुलन बनाने के साथ प्रवासियों के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करना जरूरी है।

सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन खोलने का उद्देश्य औद्योगिक विकास और रोजगार को सीधा जोड़ना है। इस तरह के जोन में एमएसएमई, सेवा आधारित उद्योगों और नवाचार से जुड़े क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए प्लग-एंड-प्ले यूनिट और फ्लैटेड फैक्ट्री जैसी आधुनिक सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि उद्यमियों को शुरू से ही जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो सके।

### 50 से 100 एकड़ भूमि पर बनेंगे एकीकृत केंद्र

- योजना के तहत प्रत्येक जिले में कम से कम 50 से 100 एकड़ भूमि पर एकीकृत केंद्र बनेंगे, जहां उद्योगों, कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता को एक ही स्थान पर जोड़ा जाएगा। इनमें युवाओं को कौशल विकास, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, और वेतन-आधारित रोजगार के अवसर एक ही कैंपस में प्रदान किए जाएंगे। इस तरह के जोन में प्लग-एंड-प्ले इकाइयां, फ्लैटेड फैक्ट्री, सामान्य सुविधा केंद्र कॉमन फैसिलिटी सेंटर्स, टूल रूम, और टेस्टिंग लैब जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यही नहीं उद्यमियों को एमएसएमई और अन्य उद्योगों के लिए सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। ये जोन स्थानीय उद्योगों को स्किल्ड मैन पॉवर प्रदान करेंगे और जिला उद्योग केंद्र भी यहीं स्थापित किए जाएंगे।

### लघु उद्योग निगम को मिली भूमि सर्वे की जिम्मेदारी

- जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन खोलने के लिए भूमि चिन्हित करने का काम जल्दी ही शुरू किया जाएगा। उप्र लघु उद्योग निगम को भूमि सर्वे की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी से मिलकर निगम के अधिकारी भूमि की तलाश करेंगे। उनका कहना है कि यह पहल प्रदेश को निवेश का केंद्र ही नहीं, बल्कि स्थायी रोजगार और कौशल विकास के एक सशक्त मॉडल के रूप में विकसित करेगी।

### टाटा एआईजी का तीन वर्षों में दोगुना लक्ष्य तय

**कानपुर।** टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस ने उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए जोखिम सुरक्षा को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कंपनी का विशेष फोकस कानपुर, आगरा, लखनऊ और मुरादाबाद जैसे औद्योगिक केंद्रों पर रहेगा। कंपनी के कुल एसएमई पोर्टफोलियो में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 9 फीसदी है, जबकि उद्योग स्तर पर यह आंकड़ा लगभग 5 फीसदी है।

इस बढ़ती मांग को समर्थन देने के लिए टाटा एआईजी ने वित्त वर्ष 2026 में लखनऊ में उत्तर प्रदेश के लिए एक समर्पित कामर्शियल लाइन्स ज़ोन की स्थापना की है, जिसमें विशेष एसएमई अंडरराइटर्स और क्लेम प्रोफेशनल्स की टीम तैनात की गई है। इसका उद्देश्य राज्य भर के व्यवसायों को तेज़ जोखिम मूल्यांकन, अनुकूलित कवरेज और प्रभावी क्लेम सहायता प्रदान करना है। टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के एमएसएमई प्रमुख प्रणय शाह ने कहा कि हमारा फोकस राज्य भर के उद्यमों के सामने आने वाले बदलते जोखिमों को समझना और उन्हें भरोसेमंद व आसानी से उपलब्ध बीमा समाधान प्रदान करना है।


आईआईटी में ई-समिट मे भाग लेते छात्र छात्राएं। अमृत विचार

# नवाचार से चुनौतियों का समाधान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी कानपुर के ई-समिट में स्टार्टअप्स और युवा उद्यमियों का संगम

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के एंटरप्रेन्योरशिप सेल द्वारा आयोजित ई-समिट में युवाओं ने प्रतिभा दिखाई। युवाओ ने तीन दिनों तक नवाचार, नेतृत्व और युवा ऊर्जा का संगम बना रहा। इस कार्यक्रम में देशभर से उद्योग विशेषज्ञ, कंटेंट क्रिएटर, नीति-निर्माता और उभरते उद्यमी शामिल हुए। युवाओं को लक्ष्य निर्धारण का मंत्र दिया गया।

संस्थान में पीएफआरडीए की डिप्टी जनरल मैनेजर सुश्री पूजा उपाध्याय मुख्य अतिथि रहीं। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने संस्थान की नवाचार और प्रभाव-आधारित उद्यमिता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। एंटरप्रेन्योरशिप सेल के फैकल्टी एडवाइजर प्रो. अंकुश शर्मा ने छात्र-नेतृत्व वाली पहलों की भूमिका पर प्रकाश डाला जबकि एसआईआईसी के प्रोफेसर-इन-चार्ज प्रो. दीपू फिलिप ने इन्क्यूबेशन और उद्योग सहयोग के महत्व को बताया। इसी तरह दूसरे दिन स्टार्टअप एक्सपो की शुरुआत हुई। जहां स्टार्टअप्स ने अपने नए समाधान प्रदर्शित किए और छात्रों व पेशेवरों से सीधे संवाद किया। डीप टेक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर इंडस्ट्री पैनल में के मैनेजर सर्वेश गुजराती ने एआई क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। क्रिएटर्स कॉन्क्लेव में दीपक वाधवा, विभु वर्षनेय और यश प्रताप सिंह ने कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल प्रभाव और सतत व्यक्तिगत ब्रांडिंगपर चर्चा की। अंतिम दिन ब्लूप्रिंट्स ऑफ असेंडेंस पैनल में पेटीएम के सलाहकार सौरभ जैन, पोर्टिया मेडिकल के सह-संस्थापक वैभव तेवारी, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंस्यूमर इलेक्ट्रिकल्स के ग्रुप सीएफओ एवं रणनीति प्रमुख, कलीश्वरन और मिंत्रा की संस्थापक टीम के सदस्य संकर बोरा ने बड़े स्तर चुनौतियों से निपटने के लिए अपने विचार साझा किए।



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अमृत विचार

### कैंसर जागरूकता रैली निकाली

**कानपुर।** थंगम हॉस्पिटल, कल्यानपुर की ओर से बुधवार को कैंसर जागरूकता दिवस पर एक रैली का आयोजन किया। रैली की शुरुआत संजय विश्वकर्मा भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा द्वारा किया गया। थंगम हॉस्पिटल के वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ निदेशिका डा. दीप्ती मिश्रा जो टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुम्बई से प्रशिक्षित है एवं निदेशक डा. सरवना राजामनिकम जो कि विश्व प्रसिद्ध लंग सर्जन हैं ने बताया कि बुरी आदतें कैंसर का सबसे बड़ा कारण है। जब तक समाज का हर एक व्यक्ति इस बीमारी के प्रति जागरूक नहीं होगा तब तक समाज को कैंसर मुक्त नहीं किया जा सकता है। रैली में करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और कैंसर के विरुद्ध एक जुट होकर लड़ाई करने का संकल्प लिया। रैली में समाजसेविका सर्वदा, अडानी ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी सचिन मिश्रा, थंगम हॉस्पिटल के वरिष्ठ डाक्टर विकम गौतम, डा. सौन्दर्या एवं अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी धीरज गुप्ता, अवधेश त्रिपाठी, प्लेसमेंट सेल के संयाजक प्रमोद पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे।

### समर्थ गोयनका ने जीता स्वर्ण पदक

**कानपुर।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के कक्षा 3 के छात्र समर्थ सुदीप गोयनका ने अंतरराष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जहाँ कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच समर्थ ने अपनी उत्कृष्ट वैज्ञानिक समझ, तार्किक सोच और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समर्थ ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादा सोम गोयनका, पिता सुदीप गोयनका को दिया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।


समर्थ।

# 52 वें पड़ाव पर पहुंचा चिड़ियाघर केक काटकर जश्न मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर की भागदौड़ की जिंदगी से दूर, एकांत में जहां चिड़ियों की चहचहाहट और शेरों की दहाड़ें गूंजती है, वह ''एलेन फॉरेस्ट'' यानी हमारा कानपुर चिड़ियाघर अपने खूबसूरत उम्र के 52वें पड़ाव पर पहुंच गया है। 4 फरवरी 1974 को जब पहली बार इसके दरवाजे आम जनता के लिए खुले थे, तब किसी ने नहीं सोचा था कि एक ऊदबिलाव से शुरू हुआ यह सफर एक दिन 1240 वन्यजीवों के विशाल परिवार में बदल जाएगा। इस खुशी में चिड़ियाघर में जश्न मनाया गया।

बुधवार को चिड़ियाघर प्रशासन ने 52वीं वर्षगांठ को केक काटकर बेहद धूमधाम से मनाया। बच्चों को जब पता चला कि चिड़ियाघर में जल्दी पहुंचने वाले पहले 52 बच्चों को मुफ्त इंट्री मिलेगी तो सुबह से ही चिड़ियाघर में भारी भीड़ दिखाई दी। सबसे पहले 9 वर्ष के बच्चे नूर आलम को इंट्री कराई गई। इस अवसर पर डॉ. कन्हैया पटेल, निदेशक, प्राणि उद्यान, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग दिव्या, नवेद इकराम, क्षेत्रीय वन अधिकारी, फिरोज खान, क्षेत्रीय वन अधिकारी, डॉ. मोहम्मद नासिर, पशुचिकित्सक, डॉ. नितेश कुमार कटियार आदि मौजूद रहे।



चिड़ियाघर का स्थापना दिवस मनाया गया। अमृत विचार

### रोजा में दिखी रमजान जैसी रौनक

**कानपुर।** शाबानुल मोअज्जम की 15 वीं शब (रात) में कब्रिस्तान में लाखों की संख्या में लोग हाजिरी लगाने पहुंचे। मस्जिदों, घरों में इबादत का दौर चला और फिर भोर में सहरी खाकर अधिकतर लोगों ने परिवार के साथ रोजा रखा जिससे शाम को इफ्तार के वक्त रमजान-उल-मुबारक जैसी रौनक दिखाई दी। रातभर इबादत करने की वजह से बुधवार को दोपहर तक ज्यादातर दुकानें बंद थीं। शाम को मगरिब की अजान होते ही लाखों लोगों ने रोजा खोला जिसमें छोटे छोटे बच्चे भी शामिल थे। तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत के सदर हाफिज व कारी सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी ने बताया कि शाबान की 15 तारीख के रोजे की फजीलत और दिनों से ज्यादा है। रमजान के अलावा इस महीने सबसे ज्यादा रोजे रख जाते थे। 15 दिन बाद रमजान का महीना शुरू हो जाएगा।

# पुराने गंगा पुल के नीचे नाव सजाकर जश्न मनाया, गंगा में अर्जी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इमाम मेंहदी के जश्न-ए-विलादत पर बड़ी करबला में केक काटा
- बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोगों ने महफिल सजाई

**अमृत विचार।** इमाम मेंहदी अलैहस्सलाम की विलादत (जन्मदिन) पर बड़ी कर्बला में केक काटा गया। पुराने गंगा पुल के नीचे नाव को सजाकर उसपर जश्न मनाया गया और मन की मुरादें पाने के लिए गंगा में अर्जी भी लगाई गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिया समुदाय की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग पहुंचे और वहीं महफिल भी सजाई।

ऑल इंडिया शिया यूनिट की जानिब से देर रात बड़ी करबला नवाबगंज में दुआ मुनाजात और नज्र का आयोजन किया गया। नज्र के बाद केक काटकर जश्न मनाया गया। इस मौके पर शिया ओलेमा बोर्ड के महासचिव मौलाना अलमदार हुसैन ने बताया की 15 शाबान को आखिरी इमाम मेहदी अलैहस्सलाम की विलादत हुई थी।

इस मौके पर नायाब आलम, शहादत रिज़वी, जमील हुसैन, वहदत काजमी, शारिब अब्बास, तहसीन हैदर, आमिर अब्बास, नजर अब्बास, शाहिद अली, आफताब हुसैन आदि मौजूद रहे। इस सिलसिले में गुलामाने इमामे जमाना बजरा कमेटी की जानिब से पुराने गंगा पुल के नीचे नाव सजाकर गंगा किनारे जश्न मनाया गया। कमेटी संयोजक सालिम रिजवी ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन जो भी दुआ अर्जी में लिख कर गंगा में डाली जाती है वो जरूर पूरी होती है। यही वजह है कि गंगा पुल के नीचे बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग सभी पहुंचे और अपनी मुरादों की पर्ची गंगा में डाली। इस मौके पर अतहर अब्बास, वसी रजा, शाहिद रजा, इकराम अब्बास, इनाम अब्बास, नासिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# समय से पहले पकेंगी सब्जियां, बढ़ेगा उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विश्वविद्यालय में सूक्ष्म पोषण तत्वों के असर का किया अवलोकन

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार एवं जापान के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के तहत बुधवार को जापानी वैज्ञानिकों ने सीएसए विवि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन लोगों ने विश्वविद्यालय में सूक्ष्म पोषण तत्वों का सब्जियों पर प्रभाव को देखा। बताया गया कि नई तकनीक से सब्जियां समय के पहले पक सकती हैं। इसके अलावा उत्पादन में भी 30 से 40 फीसदी बढ़ोत्तरी हो सकेगी।

जापानी प्रतिनिधिमंडल का भ्रमण चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के शाकभाजी अनुभाग, कल्याणपुर पर किया गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे टोमैटेक कंपनी के प्रतिनिधि अकिनोरी कोजाकी एवं शुसाकु नाकाजीमां ने शाकभाजी अनुभाग पर फूलगोभी एवं मूली फसलों पर सूक्ष्म पोषक तत्वों के प्रभाव पर चल रहे शोध परीक्षणों का गहनता से अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अकिनोरी कोजाकी ने बताया कि सब्जी फसलों पर सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्रभाव साफ दिखाई दे रहा है। जिससे फसल जल्दी पक कर तैयार होगी तथा उत्पादन में भी 30 से 40 फीसदी तक वृद्धि होने का अनुमान है। उन्होंने यह भी कहा कि फसल जल्दी पक कर तैयार होने से उत्पादन का बाजार में अधिक मूल्य मिलेगा। शुसाकु नाकाजीमां ने बताया कि टोमैटेक कंपनी द्वारा तैयार सूक्ष्म पोषक तत्व उर्वरक का फसल बुवाई के समय 6 किलोग्राम प्रति 1 हजार वर्ग मीटर की दर से प्रयोग किया जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से निदेशक शोध डॉ आरके यादव, प्रोफेसर डॉ पीके सिंह, सब्जी विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ केशव आर्य, डॉ श्वेता सहित अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे।


सीएसए के शाकभाजी अनुभाग का जापानी वैज्ञानिकों का निरीक्षण। अमृत विचार

## आयोजन

### एमएसएमई एक्सपो एवं वेण्डर डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

# गंदा पानी पीने योग्य बनाने की प्रक्रिया बता निवेश का आह्वान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

**अमृत विचार।** एमएसएमई द्वारा आयोजित दो दिवसीय वेण्डर डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं एमएसएमई एक्सपो-2026 का समापन एमएसएमई-विकास कार्यालय परिसर में हुआ जिसमें गंदे पानी को पीने योग्य बनाने की प्रक्रिया बताकर लोगों से इस योजना में निवेश करने का आह्वान किय गया।

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उद्यमी शिवम द्विवेदी ने वाटर ट्रीटमेंट तकनीक पर जानकारी साझा करते हुए गंदे पानी को पीने योग्य बनाने की प्रक्रिया बताई और इस क्षेत्र में निवेश का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे एमएसएमई के निदेशक वीके वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से उद्यमियों को अपने उत्पादों के विपणन एवं विक्रय के नए अवसर प्राप्त होते हैं। एक्सपो में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विभिन्न विभागों, बैंकों तथा एमएसएमई इकाइयों द्वारा 87 से अधिक स्टाल लगाकर अपने उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। एमएसएमई के सहायक निदेशक अनिवाश कुमार अपूर्व ने मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं—पीएम विश्वकर्मा योजना, उद्यम पंजीकरण, लीन मैन्युफैक्चरिंग, क्लस्टर विकास तथा पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी—पर विस्तार से जानकारी दी। सोनिका रस्तोती, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) एवं बारकोड से संबंधित जानकारी दी, जबकि अंकिता पाण्डेय, युवा पेशेवर ने पीएमएस योजना के बारे में उद्यमियों को अवगत कराया। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, कानपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने कहा कि वेण्डर डेवलपमेंट कार्यक्रमों से बड़ी संख्या में उद्यमी लाभान्वित हो रहे हैं और यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम है। फियो, कानपुर के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने उद्यमियों से निर्यात के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया।

जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा वित्त एवं ऋण प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रोविंशियल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, कानपुर के अध्यक्ष मनोज बंका ने उद्यमियों से नवाचार तकनीक अपनाकर कम लागत में उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने पर बल दिया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अमित बाजपेयी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


एमएसएमई एक्सपो में मौजूद लोग। अमृत विचार

**87** से अधिक स्टाल लगे उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया

# पुलिस कमिश्नर ने जमीन के विवाद मामले में की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

- दो घंटे साउथ में रहे पुलिस कमिश्नर दोनों पक्षों के लिए बयान

**अमृत विचार।** पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बुधवार को चार साल पुराने एक मुकदमे की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खुद विवेचक से जानकारी ली, फिर दोनों पक्षों को अलग-अलग और आमने-सामने बैठाकर उनके बयान दर्ज किए। दस्तावेजों की जांच की। करीब दो घंटे तक पुलिस कमिश्नर ने मामले की जानकारी ली। इस मौके पर डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी, एडीसीपी योगेश कुमार व बाबूपुरवा एसीपी दिलीप सिंह रहे।

किदवईनगर के जी-ब्लॉक निवासी अधिवक्ता अमित कुमार शर्मा व बर्तन कारोबारी भानु प्रकाश बाजपेई से जुड़ा मामला है। अधिवक्ता अमित शर्मा के अनुसार वर्ष 2018 में उन्होंने भानु प्रकाश बाजपेई समेत नौ लोगों के खिलाफ कथित रूप से फर्जी ट्रस्ट के माध्यम से जूही खुर्द स्थित 618 वर्गगज के प्लाट पर कब्जा करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि विवेचना के दौरान साक्ष्यों में छेड़छाड़ कर फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई थी। हाईकोर्ट के निर्देश पर मामले में दोबारा विवेचना हुई, जिसमें एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई थी, बाकी आरोपियों को एनबीडब्ल्यू के बाद भी गिरफ्तार नहीं किया गया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर उन्होंने भी अधिवक्ता अमित शर्मा, उनके पिता हरिकिशन और मां मीणा के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। उनका दावा है कि वर्ष 1936 में मथुरा प्रसाद ने रजिस्टर्ड ट्रस्ट की जमीन की खरीद-फरोख्त नियम विपरीत की थी। नामांतरण में गड़बड़ी की गई और इस मामले में भी पूर्व में फाइनल रिपोर्ट लगने के बाद फिर विवेचना हुई। दोनों पक्षों ने पुलिस कमिश्नर के समक्ष अपने पक्ष रखे। दस्तावेज प्रस्तुत किए। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि भानु प्रकाश का कहना है कि बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री राकेश तिवारी के इशारे पर उन्हें जेल भेजा गया था। हालांकि आरोप साबित नहीं हुए। दस्तावेज व रिपोर्ट के आधार पर जांच होगी।

न्यूज ब्रीफ

### सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज आज

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर की ओर से सरस्वती संस्कार केंद्र, रविदास नगर में गुरुवार को सामाजिक समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से परिसर में शुरू होगा। आयोजन का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, समरसता और सौहार्द को बढ़ावा देना है। केंद्र प्रमुख अनिल मिश्रा ने अधिक से अधिक लोगों से सहभागिता की अपील की है।

### कक्षा 8 की छात्रा की अचानक हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीडीनगर निवासी रामशंकर वर्मा की 13 वर्षीय बेटी दीप्ति पीडीनगर स्थित एक स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा थी। बुधवार दोपहर उसकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इस पर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। स्कूल प्रशासन के मुताबिक परिजनों ने बेटी की बीमारी से मौत होने की बात कही है।

### सड़क किनारे मिला युवक का शव

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सड़क किनारे एक युवक को मौरंग के ढेर पर पड़ा देख लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंचे साथियों में संदीप व कोमल ने उसे पहचानकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। साथियों के मुताबिक युवक का नाम जितेंद्र (25) पुत्र रोशन निवासी सिंघटिया थाना महाराजपुर कानपुर नगर है। पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा रील बनाने का जादू

## खुलेआम हो रहा कानून का उल्लंघन, युवक-युवतियों की यह सनक पुलिस के लिए बनी चुनौती

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ में युवा पीढ़ी अब कानून की सीमाएं लांघने लगी है। चंद सेकेंड की रील के लिए सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, रेलवे ट्रैक, सरकारी परिसरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में नियमों की अनदेखी खुलेआम हो रही है। कभी ट्रैफिक रोककर तो कभी खतरनाक स्टंट कर रील बनाई जा रही हैं जो न केवल स्वयं के लिए बल्कि आमजन की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर प्रसिद्धि पाने के लिए युवाओं के सिर पर रील बनाकर वायरल करने की होड़ लगी है। इससे जाने-अनजाने युवाओं से कानून का उल्लंघन भी होता है। जो उन्हें कानूनी कार्रवाई की जद में ले आता है। कानून के जानकारों का मानना है कि रील बनाना वैसे तो कोई अपराध नहीं है लेकिन इनसे यदि मोटर वाहन अधिनियम, सार्वजनिक सुरक्षा व शांतिभंग की आशंका हो तो यह अपराधिक कृत्य है। जिस पर पुलिस कार्रवाई कर सकती है। लेकिन इस सबके बाद भी लाइक व फॉलोअर्स की चाह में युवा चेतावनियों को नजर अंदाज कर रहे हैं। प्रशासन व पुलिस द्वारा समय-समय पर कार्रवाई व जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद यह चलन थम नहीं रहा है। यदि जिले की बात की जाए तो बीते दिनों में कई ऐसे मामले वायरल हुए जिसमें हाइवे के बीचों बीच रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड की गईं। जिसका सदर कोतवाली पुलिस ने संज्ञान लेकर कार्रवाई भी की। हालांकि अनजाने में हुई गलतियों को देख पुलिस समय-समय पर उनके भविष्य को देख चेतावनी देकर छोड़ देती है। वहीं काफिले के साथ दोपहिया व चौपहिया वाहनों से स्टंट न केवल स्वयं उनके लिए जानलेवा हो सकता है। साथ सड़क सुरक्षा कानून के लिए भी खतरा है। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय मिश्रा बताते हैं कि वैसे तो रील बनाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मामला है। लेकिन ये वहीं तक सीमित है जहां तक कानून का उल्लंघन न हो।

### युवतियां और महिलाएं भी नहीं हैं पीछे

जिले में बढ़े रील बनाने के प्रचलन में सिर्फ युवक ही नहीं बल्कि युवतियां व महिलाएं भी पीछे नहीं है। बता दें कि उन्नाव-लालगंज हाइवे पर युवतियों के वीडियो वायरल हुए थे। वहीं जान जोखिम में डालकर बीघापुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर एक महिला का वीडियो वायरल हुआ। जिसकी रेलवे पुलिस जांच भी कर रही है।



रेलवे ट्रैक पर रील बनाती महिला। ● अमृत विचार

### लापता किशोर को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



किशोर को परिजनों को सुपुर्द करते चौकी इंचार्ज।

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजीव नगर खंती निवासी 13 वर्षीय किशोर को पुलिस ने सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के मिल जाने से परिवार ने राहत की सांस ली। बता दें कि राजीव नगर खंती निवासी नारायण का पुत्र कन्हैया सोमवार सुबह 11 बजे घर के बाहर खेलते समय अचानक कहीं चला गया था। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। चिंतित परिजनों ने गंगाघाट कोतवाली में इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पश्चिमी चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह चौहान ने टीम के साथ खोज शुरू की। काफी प्रयासों के बाद बुधवार को किशोर को नगर क्षेत्र से सकुशल बरामद कर कोतवाली लाया गया। जहां आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

# साइबर टीम ने रिफंड कराए 45 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर व ऑनलाइन लिंक के जरिए की जा रही साइबर ठगी पर कोतवाली सदर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को बड़ी राहत दिलाई है। कोतवाली सदर की साइबर टीम ने तीन अलग-अलग मामलों में 45,300 रुपये की ठगी गई धनराशि पीड़ितों को रिफंड कराई।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गिरिजाबाग निवासी अमित से फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर 8 हजार की ठगी हुई थी। जिसकी शिकायत पर साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए उसकी धनराशि रिफंड कराई। वहीं पीतांबर नगर मोहल्ला निवासी पियूष कुमार से साइबर कैफे में फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर 30,300 रुपये की ठगी हुई थी। जिसे भी पुलिस ने जांच के बाद बुधवार को रिफंड कराया। पीतांबर नगर मोहल्ले के केशव सिंह ने एक संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया था। इससे उनके खाते से साइबर अपराधियों ने 7 हजार उड़ा लिए। कोतवाली प्रभारी व साइबर टीम के प्रयास से पीड़ितों के खाते में रकम वापस हुई। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि अनजान लिंक, फर्जी स्क्रीनशॉट या ऑनलाइन भुगतान से पहले सतर्कता बरतें।



पीड़ितों को रुपये रिफंड होने का प्रमाणपत्र देते कोतवाली प्रभारी। ● अमृत विचार

● ऑनलाइन लिंक के जरिए की जा रही साइबर ठगी

### हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आकर राजकीय पक्षी की मौत

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार :** हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आकर राजकीय पक्षी सारस की झुलसने से मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने पोस्टमार्टम के बाद ससम्मान अंतिम संस्कार कर दिया। बुधवार सुबह क्षेत्र के कांशीराम खेड़ा गांव में सारस पक्षी का झुंड दाना चुगने खेतों के पास आया था। वापस जाते समय एक पक्षी ऊपर से गुजरी हाई वोल्टेज लाइन की चपेट ने आकर गंभीर रूप से झुलस गया। जब तक ग्रामीण उसे उपचार के लिए ले जाते तब तक उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के बीट इंचार्ज शिवम सिंह को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पक्षी का पोस्टमार्टम कराकर ससम्मान अंतिम संस्कार कर दिया। इस दौरान सुरेंद्र मौर्या, रामसागर मौर्य, सतगुर, रामचंद्र, रामकुमार, संतराम आदि मौजूद रहे।

# कटान की भेंट चढ़े गंगा के घाट

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** शुक्लागंज के पश्चिमी इलाकों में स्थित गंगाघाट इन दिनों भीषण कटान की चपेट में हैं। गंगा की धारा मुड़ने से बीते 4 माह से घाटों की जमीन लगातार नदी में समा रही है। तेज बहाव के कारण हालात चिंताजनक बने हैं। माघ मास के अवसर पर श्रद्धालुओं को जान जोखिम में डालकर गंगा स्नान करना पड़ा था, वहीं अब महाशिवरात्रि के मद्देनजर कांवड़ियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए खतरा और बढ़ गया है।

बीते वर्ष आई बाढ़ के बाद गंगा की मुख्य धारा पुराने घाटों की ओर मुड़ गई, जिससे गंगाविशुन घाट से पक्का घाट तक कटान तेज हो गया। शिकायतों के बाद सिंचाई विभाग ने बांस-बल्लियों की पाइलिंग कर झाड़-झंखाड़ डालकर कटान रोकने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव के सामने यह व्यवस्था कारगर साबित नहीं हुई। कटान अब पुराने पैदल पुल के आगे तक पहुंच गया है। आनंद घाट के पास भी यही स्थिति बनी हुई है। हाल ही में विभागीय चीफ अभियंता ने अधिशाषी अभियंता गगन कुमार के साथ निरीक्षण कर बजट मिलने पर जियो बैग डालने की बात कही थी, परंतु अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ।



कटान होने के कारण जानलेवा बने पश्चिमी क्षेत्र के घाट। ● अमृत विचार

● जान जोखिम में डाल गंगाजल भर रहे कांवड़िये

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** तिलक समारोह में शामिल होने जाते समय अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों की पहचान करा परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी भेजे है।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गपोपी खेड़ा गांव निवासी नैमिष (35) पुत्र राजेंद्र माहमद खेड़ा निवासी साथी सचिन (34) पुत्र स्व. राम भजन के साथ एक तिलक समारोह में शामिल होने सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लुधौसी गांव जा रहे थे। देर शाम करीब करीब 7:30 बजे जैसे ही दोनों औरस थाना क्षेत्र के औरास-मियागंज मार्ग पर सीधौरी गांव के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी औरास लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। शवों को मोर्चरी भेजा है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

● सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को मोर्चरी भिजवाया

# 2047 तक विकसित भारत करने वाला है बजट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** भाजपा के अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि यह बजट वर्ष-2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला है। यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद पेश किया गया पहला बजट है। इसमें सुरक्षा को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें 1 लाख करोड़ से अधिक का इंफ्रास्ट्रक्चर आवंटन है। विशेष रूप से इससे उत्तर प्रदेश को बड़ा लाभ मिलेगा। नई दिल्ली-वाराणसी व वाराणसी-सिलीगुड़ी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण से प्रदेश की कनेक्टिविटी में क्रांति आएगी।




पत्रकारों से बात करते अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्रा व अन्य।

वे बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में बीते दिनों आए केंद्रीय बजट की खूबियां पत्रकारों को बता रहे थे। उन्होंने कहा कि मोबाइल निर्माण में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है और इस क्षेत्र में 40 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, युवा, किसान व उद्योगों के लिए समावेशी विकास सुनिश्चित करता है। शिक्षा के क्षेत्र में देश में 15000 स्कूल व 500 कॉलेज खोले जाएंगे। जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने बताया कि यह बजट गरीबों, महिलाओं व युवाओं को समर्पित है। विपक्ष द्वारा बजट को निराशाजनक बताए जाने पर उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। कहा कि बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं व गरीब वर्ग की आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सफीपुर विधायक बंबालाल दिवाकर, ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, प्रखर गुप्ता, विजय द्विवेदी आदि थे।

● भाजपा अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने गिनाईं केंद्रीय बजट की खूबियां

### बाल कल्याण समिति बैठक में सीडीओ ने दिये निर्देश



बैठक को संबोधित करतीं सीडीओ कृति राज।

**उन्नाव, अमृत विचार :** सीडीओ कृति राज की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति व जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु गठित जिला टास्क फोर्स के नामित सदस्यों के साथ बैठक पन्नालाल सभागार में हुई। इसमें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड व सामान्य) व स्पॉन्सरशिप योजना का वृहद रूप से प्रचार करने व पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराने के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन योजनान्तर्गत अभियान चलाकर आमजन को जागरूक करने, नियमित रूप से बाल भिक्षावृत्ति व बालश्रम रोकने हेतु संबंधित विभागों में आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। बैठक में प्रभारी सीएमओ डा. हरिनंदन प्रसाद, एएसपी प्रेमचन्द, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, बीएसए शैलेश पांडेय, क्षमानाथ राय जिला बाल संरक्षण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### मेरे आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों को किया गया पुरस्कृत



कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक प्रतिनिधि प्रखर गुप्ता।

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** बुधवार को बीआरसी सिकंदरपुर सरोसी में मेरे आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक पंकज गुप्ता के प्रतिनिधि व पुत्र प्रखर गुप्ता मौजूद रहे। आगमन पर खंड शिक्षाधिकारी जगदीश कुमार व बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री आंचल, दीपशिखा सहित अन्य कार्यकत्रियां, नोडल शिक्षक व एआरपी टीम के सदस्य नीरज तिवारी व शोभित गुप्ता मौजूद रहे। बाल वाटिका के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वक्ताओं ने प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने व बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

# शब-ए-बरात पर रोशन हुए कब्रिस्तान

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** इबादत व मगफिरत की रात शब-ए-बरात का पर्व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मंगलवार रात मनाया। जहां पूरी रात इबादत में मशगूल रहे। बच्चों से लेकर हर वर्ग के लोगों में उत्साह दिखा। नगर के कंचन नगर छह खंभा स्थित कब्रिस्तान पहुंच कर लोगों ने फातिहा पढ़ी और इबादत में जुटे रहे। वहीं बुधवार को रोजा रखा गया।

इबादत व मगफिरत का यह पर्व शब-ए-बारात इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीना में मनाया जाता है। शब-ए-बारात पर्व को लेकर सुबह मस्जिदों में विशेष तैयारी की जाती है। मस्जिदों में इबादत के लिए आने वाले धर्मावलंबियों के लिए विशेष रूप से व्यवस्था की जाती है। मस्जिदों एवं कब्रिस्तानों में लाइट की वैकल्पिक व्यवस्था की जाती है। मंगलवार रात मस्जिदों में इबादत करने वाले लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। रात से लेकर सुबह के फजर की नमाज तक लोगों की भीड़ जुटी रहती है। इस क्रम में लोग कब्रिस्तान भी जाते हैं और फातिहा पढ़ते हैं। पर्व को लेकर बच्चे उत्साहित रहते है। शब-ए-बरात के ठीक पंद्रह दिनों के बाद रमजान शुरू हो जाएगा।



शब-ए-बरात को लेकर कब्रिस्तान में इबादत के लिये पहुंचे लोग। ● अमृत विचार


● कंचन नगर छह खंभा स्थित कब्रिस्तान में पढ़ी गई फातिहा

# घने कोहरे से बढ़ी ठिठुरन, धूप से राहत

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** मंगलवार सुबह हुई बारिश के बाद अचानक बदले मौसम ने ठंड का असर और तेज कर दिया। रात में कोहरा इस कदर गिरा मानो बारिश की बूंदें बरस रही हों। बुधवार सुबह नगर और आसपास के क्षेत्र घने कोहरे की सफेद चादर में लिपटे रहे। दृश्यता बेहद कम होने से सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर सावधानी से सफर करना पड़ा।

मंगलवार देर रात से ही कोहरा गिरना शुरू हो गया था, जो सुबह तक जारी रहा। सुबह जब लोगों की नींद खुली तो चारों ओर घना धुंधलका छाया हुआ था। बर्फीली हवाओं के तीखे थपेड़ों ने ठिठुरन और बढ़ा दी। तापमान में करीब 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। बाजारों में चहल-पहल कम रही और लोग जरूरी कार्य से ही घरों से बाहर निकले। दोपहर में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली और बाजारों में रौनक लौटती नजर आई। हालांकि शाम होते-होते सर्दी फिर बढ़ गई, जिससे राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी और बारिश का असर मैदानी इलाकों में भी साफ दिखाई दे रहा है।



सुबह के समय नवीन पुल पर छाई कोहरे की धुंध। ● अमृत विचार

### सिग्नल न मिलने से रुक-रुक कर गुजरीं एक्सप्रेस ट्रेनें, यात्री हुए परेशान



स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** घने कोहरे के चलते बुधवार को कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। सिग्नल न मिलने और रूट क्लीयर न होने के कारण कई एक्सप्रेस ट्रेनें गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर रुक-रुक कर गुजरती रहीं। इसका खामियाजा यात्रियों को उठाना पड़ा, जिन्हें घंटों प्लेटफार्म पर इंतजार करना पड़ा। बुधवार सुबह से ही कोहरे की घनी धुंध छाई रही। जिससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। कानपुर से लखनऊ जाने वाली गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस को सिग्नल न मिलने से दोपहर 1:32 से 1:35 बजे तक स्टेशन पर रोका गया। बताया गया कि आगे पनवेल एक्सप्रेस के गुजरने से रूट क्लीयर नहीं था। वहीं शताब्दी एक्सप्रेस भी निर्धारित समय से देरी से गुजरी। दोपहर 12:30 बजे आने वाली मेमो ट्रेन करीब 2 बजे के बाद पहुंची। इससे लखनऊ व आसपास के स्टेशनों की यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कोहरे के कारण ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों में नाराजगी रही।

### चयन वेतनमान के स्वीकृत आदेश निर्गत करें

**उन्नाव, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष भारत चित्रांशी के नेतृत्व में बीएसए शैलेश पांडे से मिला। इसमें कहा गया कि चयन वेतनमान संबंधी जिन शिक्षकों की पत्रावलियां ब्लॉक स्तर से समय से मिल रही हैं उनका स्वीकृत आदेश तुरंत जारी किया जाए और जिन शिक्षकों की पत्रावलियों को ब्लॉक स्तर से विलंब किया जा रहा है उनकी पत्रावलियां मंगाकर चयन वेतनमान निर्धारण की कार्रवाई की जाए। कहा कि जिन शिक्षकों की पत्रावलियां विकासखंड से नहीं आ पाती हैं उनके इंतजार में स्वीकृत पत्रावलियों को रोका न जाए और उनके स्वीकृत आदेश निर्गत किए जाएं। बीएसए ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित ब्लॉकों को शीघ्र पत्र जारी करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं लेखाधिकारी से भी वार्ता की। वार्ता में जिला उपाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष सोनू बाजपेई, धीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

पड़ताल

## इंटरलॉकिंग खुदवाकर परखी गुणवत्ता, डीएम के निर्देश पर पहुंचे एसडीएम न्यायिक व पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन

# विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत पर हुई जांच

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** नगर पालिका क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों व टेंडर प्रक्रियाओं में अनियमितताओं की शिकायत पर बुधवार को जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने जांच की। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम न्यायिक रामदेव निषाद व पीडब्ल्यूडी एक्सईएन सुबोध कुमार नगर पहुंचे। टीम ने कोतवाली गेट से सेल्फी प्वाइंट तक हाल में बनी इंटरलॉकिंग सड़क की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की।

सीताराम कॉलोनी निवासी राजीव शुक्ला व गांधी नगर निवासी राजू गुप्ता ने निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी तथा टेंडर और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती में पारदर्शिता की कमी की शिकायत की थी। जांच टीम ने नगर पालिका पहुंचकर ईओ मुकेश मिश्रा व जेई घनश्याम मौर्या से जानकारी ली। इसके बाद करीब 110 मीटर लंबी व करीब 11.73 लाख से बनी इंटरलॉकिंग सड़क को 3 स्थानों पर खुदवाकर गुणवत्ता परखी गई। खुदाई में इंटरलॉकिंग के नीचे गिट्टी व मिट्टी की परत पाई गई। जिसकी जांच चल रही है। टीम ने मिश्रा कॉलोनी स्थित सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। एसडीएम न्यायिक ने बताया कि निर्माण कार्यों के अलावा टेंडर प्रक्रिया और आउटसोर्सिंग भर्ती में नियमों की अनदेखी की शिकायतें भी मिली हैं। शुक्रवार को ईओ और शिकायतकर्ताओं को उन्नाव तलब किया गया है। जांच पूरी कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।



इंटरलॉकिंग हटवाकर कार्य की गुणवत्ता देखते एसडीएम न्यायिक व पीडब्ल्यूडी एक्सईएन। ● अमृत विचार

### मोबाइल चोरी में पकड़ा गया युवक, नाबालिग भी था शामिल

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने बुधवार सुबह सुधापुरम मोहल्ला में दबिश देकर चोरी के मोबाइल के साथ एक युवक को पकड़ा है। चोरी में उसके साथ एक किशोर भी शामिल था। जिसे पुलिस ने संरक्षण में लिया है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी मोहल्ला निवासी मीरा तिवारी पत्नी हरिशंकर ने पुलिस को तहरीर देकर दुकान से मोबाइल चोरी होने का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने बुधवार को फोर्स के साथ दबिश देकर कॉलोनी निवासी करन पुत्र सुनील व चोरी में सहयोगी किशोर को दो चोरी के मोबाइल के साथ पकड़ा। पुलिस ने युवक को कोर्ट में पेश किया जहां से वह जेल भेजा गया। वहीं किशोर को संरक्षण में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

